डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71800 10 ग्राम
₹92000 01 किलो
सेंसेक्स 80,684.45 -1,064.12
डॉलर 84.914 +0.033

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 18 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-64, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 मां से मिले संस्कारों की वजह से...

### गृह सचिव और डीजीपी ने चतरा में अफीम की खेती रोकने के लिए की उच्चस्तरीय बैठक

## अफीम तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत, संपत्ति भी की जायेगी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को चतरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाहरणालय में एक मैराथन बैठक की, जिसमें अफीम की खेती को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने, तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उनकी संपत्ति जब्त करने पर चर्चा की। डीजीपी ने कहा कि अफीम तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है और इसे और मजबूत किया जाएगा। बैठक में अफीम की खेती के इलाकों में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त **शेष पेज 11 पर**




**मुख्य बातें**

- गृह सचिव व डीजीपी ने अफीम खेती रोकने और तस्करों के खिलाफ कार्रवाई पर की चर्चा।
- अफीम तस्करों की संपत्ति जब्त करने और उनकी गिरफ्तारी पर जोर दिया।
- मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान की गई।
- चतरा में अफीम की खेती कम होने की सूचना, लेकिन अभियान जारी।
- तस्करी रोकने के लिए होटल और ढाबों की नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश।

### इटवाही जंगल में 15 एकड़ में अवैध पोस्ता की खेती नष्ट



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम खरीकदाग स्थित इटवाही जंगल में लगभग 15 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को यह अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्रवाई के दौरान पोस्ता की पूरी फसल को नष्ट कर क्षेत्र को अवैध गतिविधियों से मुक्त करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें, ताकि त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## नीलगाय के आतंक से किसानों की फसलें बर्बाद

**किसानों ने वन विभाग से नीलगाय रोकथाम की मांग की**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** मेराल प्रखंड के कई गांवों में नीलगाय के आतंक से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसानों की हालत दयनीय हो गई है। हासनदाग, रेजो, बाना, करकोमा, कजराठ, देवगाना, खुटैलिया, तीसरटेटूका और चामा सहित दर्जनों गांवों के किसान परेशान हैं।

किसानों का आरोप है कि वे बैंक से केसीसी ऋण लेकर आलू, गेहूं, अरहर, चना जैसी फसलें लगा रहे हैं, लेकिन नीलगाय झुंड में आकर फसलों को नष्ट कर दे रही हैं। रात्रि में बनाए गए घेरों को नीलगाय तोड़कर फसल खा जा रही हैं, जिससे करोड़ों की फसल का नुकसान हो रहा है।

हासनदाग के किसान विवेकानंद चौबे, यासीन अंसारी, रंजीत चौबे, मुबारक अंसारी सहित अन्य किसानों ने कहा कि अगर नीलगाय के आतंक पर रोक नहीं लगी तो वे खेती करना बंद कर देंगे और सरकार व वन विभाग को उनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी लेनी होगी।

अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बताया कि किसानों की फसल नुकसान की सूचना मिली है। भूमि व फसल का सत्यापन कर मुआवजे के लिए रिपोर्ट वन विभाग गढ़वा भेजी जाएगी।

डीएफओ अंशुमन राजहंस ने कहा कि गढ़वा जिले में लगभग 3-4 हजार नीलगाय हैं। नीलगायों को पकड़कर व्याघ्र परियोजना क्षेत्र में ले जाने की योजना तैयार की जा रही है। सरकार से फंड मिलते ही यह काम शुरू होगा। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि फसल नुकसान का आकलन कर मुआवजा राशि बाजार दर के अनुसार दिलाई जाएगी।

### लापरवाही बरतने वाले पांच पुलिसकर्मी, निलंबित, एक के निलंबन की अनुशंसा

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित मारवाड़ी कन्या विद्यालय में छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में जब स्कूल प्रबंधन द्वारा कोतवाली थाना और महिला थाना को सूचना दी गई थी, तो वहां के कर्मियों एवं पदाधिकारी ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई थी। इस अकर्मण्यता एवं लापरवाही के लिए रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को महिला थाना प्रभारी पिंकी साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही, कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा के निलंबन एवं विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा पुलिस उपमहानिरीक्षक, रांची क्षेत्र से की है। वहीं, रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने कोतवाली थाने के एक मुंशी अविनाश कुमार, एएसआई सनातन हेम्ब्रम तथा महिला थाने की एक कर्मचारी उर्मिला कोरबा एवं एएसआई उषा कुमारी को सस्पेंड किया है। इन चारों पुलिसकर्मियों को छेड़छाड़ मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

### हाईकोर्ट में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक मामले की हुई सुनवाई

# रिजल्ट पर अगले आदेश तक रोक

**● कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली गई संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा 2023 का परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। परीक्षा का पेपर कथित तौर पर लीक किए जाने की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य की ओर से एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करे। इसपर अनुसंधान कर रिपोर्ट दे।




राजेश कुमार ने इस संबंध में संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में हाईकोर्ट में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर ओर से बताया गया था कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को हुई थी। बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल भी हुए। लेकिन, छात्रों ने प्रश्नपत्र लीक का आरोप लगाया था और विरोध प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। बाद में सितंबर 2024 को फिर से परीक्षा ली गई, लेकिन इस बार भी पेपर लीक की शिकायत है। हाईकोर्ट में इसे लेकर दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक की जांच के लिए राज्य पुलिस की ओर से गठित एसआईटी की जांच पारदर्शी नहीं रही है। जांच निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पूरे मामले में सीबीआई या न्यायिक जांच कराई जाए।

### हाईकोर्ट ने रांची में सड़कों की खराब हालत पर सरकार और निगम से मांगा जवाब

**रांची।** राजधानी रांची में सड़कों की खराब हालत को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार और रांची नगर निगम से जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने राज्य सरकार और नगर निगम से पूछा कि रांची में खराब सड़कों की मरम्मत के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में निर्धारित की है। मंगलवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने अदालत को बताया कि रांची की वीआईपी सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़कों की हालत खराब है। बड़ा तालाब के चारों ओर से गुजरने वाली सड़क का खास तौर पर उल्लेख करते हुए बताया गया कि इस पर महीनों से बड़े-बड़े गड्ढे हैं, लेकिन संबंधित विभाग कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। इस सड़क के किनारे एक बड़ा अस्पताल है, जहां एंबुलेंस से मरीजों को पहुंचाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। एंबुलेंस हिचकोले खाती हुई अस्पताल तक पहुंचती हैं। कई बार इस सड़क पर गाड़ियां आपस में टकरा जाती हैं। सुनवाई के दौरान कोकर चौक को जोड़ने वाली सड़क के अलावा कई सड़कों की जर्जर स्थिति को दिखाने वाली रंगीन तस्वीरें भी अदालत के समक्ष पेश की गईं। यह भी बताया गया कि रांची में कई सड़कों पर जलजमाव भी एक बड़ी समस्या है। कई बार पाइप बिछाने या किसी अन्य काम के लिए सड़कों की खुदाई कर दी जाती है और इसके बाद गड्ढों को कामचलाऊ ढंग से भर दिया जाता है। निर्माण और मरम्मत में घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण सड़कें कुछ ही दिनों या महीनों में जर्जर हो जाती हैं। जनहित याचिका में अदालत से मांग की गई है कि सड़कों का निर्माण नई तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के साथ कराई जानी चाहिए।

## झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' को जीआई टैग पर 20 को अंतिम सुनवाई

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र 'मांदर' को जल्द ही जीआई टैग मिल सकता है। इस संबंध में भारत सरकार के रजिस्ट्रार ऑफ जियोग्राफिकल इंडिकेशन के समक्ष दाखिल दावेदारी पर आगामी 20 दिसंबर को आखिरी सुनवाई होगी। 'मांदर' झारखंड के सभी पर्व-त्योहारों, फसलों से जुड़े उत्सवों, सांस्कृतिक आयोजनों, धार्मिक अनुष्ठानों में बजाया जाने वाला प्रमुख वाद्य यंत्र है। आदिवासी-गैर आदिवासी सभी वर्ग के लोग सदियों से नाच-गान के प्रत्येक अवसर पर इसका उपयोग करते रहे हैं। जीआई टैग मिलने से इस वाद्ययंत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की विशिष्ट बौद्धिक-सांस्कृतिक संपदा के तौर पर प्रस्तुत करने की राह प्रशस्त हो जाएगी।

झारखंड के हिस्से अब तक मात्र एक जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग है, जो हजारीबाग जिले को 'सोहराई पेंटिंग' के लिए वर्ष 2021 में हासिल हुआ था। रजिस्ट्रार ऑफ जियोग्राफिकल इंडिकेशन के समक्ष 'मांदर' को लेकर दायर किए गए केस में झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखंड के जरजट्टा गांव की 'मांदर प्रोड्यूसर कंपनी' को इसके मूल उत्पादक (प्रोड्यूसर) के तौर पर चिह्नित किया गया है।

वर्ष 2023 में गुमला के तत्कालीन उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल पर जीआई टैग की दावेदारी का केस दाखिल किया गया था। मौजूदा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। बताया गया कि इस केस को लेकर अब तक हुई सुनवाई में ज्यादातर मापदंडों पर झारखंड की दावेदारी खरी उतरी है। बात दें कि गुमला जिले का जरजट्टा गांव मांदर निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। गांव के 22 परिवारों की चौथी पीढ़ी के सदस्य मांदर बनाने का काम करते हैं।

**ताल यंत्र है मांदर :** मांदर मूल रूप से ताल यंत्र है। इसका निर्माण लाल मिट्टी के बेलनाकार ढांचे पर किया जाता है, जिसके बीच में हल्का उभार होता है। यह ढांचा अंदर से खोखला होता है और इसके दोनों तरफ के खुले मुंह चमड़े से ढंके रहते हैं। **शेष पेज 11 पर**

**आज कल**




## रेड़मा चौक और पुरानी रांची रोड में अवैध निर्माण पर निगम ने की कार्रवाई

**शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को नगर निगम के सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो के नेतृत्व में रेड़मा चौक के पास पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ और पुरानी रांची रोड पर कार्रवाई करते हुए दो दर्जन से अधिक दुकानों और मकानों के सामने बने अवैध निर्माण को ढहा दिया गया।

नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम के साथ टीओपी-2 पुलिस बल के जवान भी तैनात थे। इस अचानक हुई कार्रवाई से कई दुकानदार और मकान मालिक हड़बड़ी में अपना सामान और एस्बेस्टस हटाते नजर आए। पांकी रोड स्थित सुरेश सिंह चौक के समीप एक महिला ने विरोध किया, लेकिन अवैध निर्माण होने के कारण उसे भी हटा दिया गया।



पुरानी रांची रोड में अभियान के दौरान आधा दर्जन से अधिक सब्जी दुकानदारों को हटाया गया। हालांकि, कई दुकानदारों ने नगर निगम की टीम से समय देने की अपील की, जिसके बाद उन्हें आज तक का समय दिया गया ताकि वे स्वयं अपने अवैध निर्माण हटा सकें। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में सहायक नगर आयुक्त के अलावा सिटी मैनेजर दिलीप कुमार, अनुराग कुमार, शाहिद हसन, टीओपी-2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह और छोटेलाल गुप्ता समेत कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## राष्ट्रपति की फेक आईडी मामले में रांची के साइबर थाने में प्राथमिकी

**■ हजारीबाग के मंटू सोनी ने इसे झारखंड और दिल्ली पुलिस के संज्ञान में लाया था**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर फर्जीवाड़ा करने के प्रयास के मामले में साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर अपराधियों के जरिए आम लोगों से ठगी करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने का मामला सामने आया था। हजारीबाग के मंटू सोनी ने इस ओर पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसके बाद रांची पुलिस ने पहले मामले की जांच की और फिर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि साइबर थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। संबंधित व्यक्ति से फेक आईडी का यूआरएल हासिल किया गया है और उसी के आधार पर गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

**यह है मामला :** राष्ट्रपति की फेक आईडी बनाने का मामला झारखंड पुलिस और दिल्ली पुलिस के संज्ञान में लाने वाले मंटू सोनी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि उन्हें राष्ट्रपति के फोटो वाले अकाउंट से एक मैसेज आया, जिसमें लिखा गया था कि जय हिंद, आप कैसे हैं। फिर प्रोफाइल के पीछे मौजूद साइबर अपराधी ने कहा, मैं फेसबुक का बहुत कम इस्तेमाल करती हूं आप मुझे अपना व्हाट्सएप नंबर **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

## राजभाषा हिंदी देश में उपेक्षित विदेश में सुपरहिट

भारत में भाषा और क्षेत्रीयता के मुद्दों को उछालकर राजनीतिक जमीन मजबूत करने का पुराना इतिहास है और इसी क्रम में राजभाषा हिंदी जो राष्ट्रभाषा की व्यावहारिक दावेदार है का विरोध होता रहा है ।यह अलग बात है कि दक्षिण भारतीय भी हिंदी को बाजार की भाषा बना चुके हैं ।इसे विडंबना ही कहेंगे कि राजभाषा का दर्जा हासिल होने के बावजूद अपनी हिंदी गैर हिंदीभाषी क्षेत्रों में राजनीतिक विरोध का जरिया बनी हुई है। संसद के मौजूदा शीत सत्र में पारित 'भारतीय वायुयान विधेयक' के विरोध में गैर हिंदीभाषी सांसद मुखर हो गए थे, क्योंकि विधेयक का नाम हिंदी में है। ऐसे माहौल में सात-साढ़े सात हजार किलोमीटर दूर विलायती धरती से हिंदी को लेकर सुखद खबर आई है। जिस ब्रिटेन ने भारत को करीब दो सौ साल तक गुलाम रखा, जिसके शासन की वजह से हिंदी देसी धरती पर अब तक अपना वाजिब आसन नहीं हासिल कर पाई है, उसी ब्रिटेन में हिंदी में सरकारी कामकाज किए जाने की मांग उठी है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जिसे दुनिया ब्रिटेन के नाम से जानती है, उस यूनाइटेड किंगडम का स्कॉटलैंड द्वीपीय प्रांत है। इसी प्रांत की स्थानीय संसद के भारतीय मूल के सांसद ने सार्वजनिक संदेश भेजने के लिए हिंदी का भी इस्तेमाल किए जाने की मांग रखी है। स्कॉटलैंड की स्थानीय संसद में ग्लास्गो से डॉक्टर संदेश गुल्हाने सांसद हैं। उनका तर्क है कि चूंकि 2022 की जनगणना के लिहाज से स्कॉटलैंड में भारतीय मूल के लोगों की जनसंख्या दूसरे नंबर पर है, लिहाजा यहां के सार्वजनिक संदेश और स्वास्थ्य जानकारियां हिंदी में भी भेजे और प्रसारित किए जाने चाहिए। डॉक्टर गुल्हाने की मांग पर स्कॉटलैंड की सरकार की राय जानने से पहले हमें जानना चाहिए कि अगर भारत में ऐसी मांग किसी गैर हिंदीभाषी राज्य में उठी होती, तो वहां के राजनेताओं की प्रतिक्रिया क्या होती? निश्चित तौर पर उस गैर हिंदीभाषी इलाके की राजनीति का एक बड़ा हिस्सा इस मांग के खिलाफ उठ खड़ा होता। गैर हिंदीभाषी इलाकों के लोग इसे हिंदी का साम्राज्यवाद या वर्चस्ववाद बाद में बताते, हिंदीभाषी इलाकों की कुछ बौद्धिक और राजनीतिक ताकतें इसे वर्चस्ववादी मांग बताकर खारिज करने का सुझाव रख देतीं।लेकिन स्कॉटलैंड में ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि स्कॉटलैंड या ऐसी दूसरी विदेशी जगहों पर न सिर्फ भारतीय मूल, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप, जिसमें बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और कुछ हद तक अफगानिस्तान तक शामिल है, के लोग आपसी संवाद या संपर्क के लिए ज्यादातर हिंदी का ही प्रयोग करते हैं। वह हिंदी निश्चित तौर पर भारत की खड़ी बोली हिंदी नहीं होती। उसमें उन लोगों की स्थानीय भाषाओं के साथ ही अंग्रेजी या उस देश विशेष की भाषा का भी पुट शामिल होता है, जिस देश में वह समूह रहता या नौकरी करता है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भारत की सीमाओं के बाहर भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हिंदी ही है। ब्रिटेन में छाया या शैडो कैबिनेट की परंपरा है। प्रमुख विपक्षी दल भी अपने नेताओं को मंत्रियों की तरह विभाग बांटता है और जिम्मेदारी प्राप्त लोग अपने-अपने विभागों पर नजर रखते हैं। सरकारी योजनाओं की कमियों को जाहिर करते हैं और उसी आधार पर उसकी आलोचना करते हैं। चुनावों में विपक्षी दल की जीत के बाद छाया मंत्रिमंडल के ही ज्यादातर सदस्य मंत्री बनते हैं और जिन विभागों का काम विपक्ष में रहते वक्त वे संभालते रहे हैं, उन्हीं विभागों और मंत्रालयों का दायित्व उन्हें मिलता है। डॉक्टर संदेश गुल्हाने स्कॉटलैंड के छाया मंत्रिमंडल के सदस्य भी हैं और स्वास्थ्य महकमे पर निगाह रखते हैं। स्कॉटलैंड की संसद एडिनबर्ग में है। उसकी बैठक में एक प्रश्न के जरिये? डॉक्टर संदेश गुल्हाने ने स्कॉटलैंड की प्रथम उपमंत्री केट फोर्ब्स से अपील की।




गुल्हाने के मुताबिक, स्कॉटलैंड में हिंदी बोलने वालों की संख्या ऑस्ट्रेलियाई शहर पर्थ की जनसंख्या के बराबर है। उनके सवाल के जवाब में स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री फोर्ब्स का जवाब था कि सरकार गुल्हाने की मांग पर 'विचार करेगी', क्योंकि स्कॉटलैंड में हिंदीभाषियों का भी बहुत योगदान है। फोर्ब्स के जवाब की अगली पंक्ति देश की गैर हिंदीभाषी राजनीति को हैरत में डाल सकती है। फोर्ब्स का जवाब रहा, 'यह बहुत महत्वपूर्ण है कि स्कॉटलैंड के भारतीय मूल के लोगों को लगे कि सभी सरकारी सूचनाएं उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध हैं।' जिस विलायत ने अपनी भाषा के जरिये हमारे यहां मानसिक उपनिवेशवाद की नींव को मजबूत किया है, उसी की धरती पर हिंदी का सम्मान होना मामूली बात नहीं है। बेहतर होता कि भारत की हिंदी विरोधी राजनीति भी इससे कुछ सीख लेती।

## पूर्व जिला परिषद सदस्य ने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**सड़क निर्माण और चेक डैम निर्माण की रखी मांग, केंद्रीय मंत्री ने दिया हरसंभव मदद का आश्वासन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर क्षेत्र के चौमुखी विकास की मांग रखी। अर्जुन सिंह ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अपने जिला परिषद क्षेत्र में कई सड़कों के निर्माण की मांग की। इनमें सुआ पंचायत के हरैया टोला से गढ़ टीला नवका आहर तक (4 कि.मी.), गणके पंचायत से झाबर तक (40 कि.मी.), पोखराहा से ओरंगा नदी तक (6 कि.मी.), सुआ पंचायत रेलवे फाटक से कोयल नदी श्मशान घाट तक (1.5 कि.मी.) सहित अन्य सड़कों का प्रस्ताव शामिल है। **शेष पेज 11 पर**

# दो किसानों से हुई 70 क्विंटल धान की खरीदारी

## 20 प्रतिशत धान किसानों ने पहले ही बेच दी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड परिसर में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया है। उद्घाटन के दिन दो किसानों की धान खरीदी गई हैं। इसके बाद बुधवार से धान खरीदारी की जायेगी। पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि 23 रुपए की प्रतिकिलो की दर से धान खरीदीकी जा रही हैं। इसमें डीवीडी के माध्यम से किसानों के खाते में 50 प्रतिशत की राशि सीधे खाते में भेज दी जाती हैं। दोनों किसानों का भी राशि उनके खाते में भेज दी गई हैं। 50 प्रतिशत और बोनस का पैसा बाद में भेजने की बात कही गई है। धान रखने के लिए दो सौ एमटी पैक्स में व 500 एमटी बिस्कोमान भवन में रखने की व्यवस्था है। यहां 20 प्रतिशत किसान औने-पौने दामों मे धान बेच चुके हैं। 70 प्रतिशत किसान अभी धान रखें हुए हैं। डुमरहाथा के किसान प्रियरंजन सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड के 20 प्रतिशत किसान धान बेच दिये हैं।

### बरेवा में बीडीओ व प्रतिनिधियों ने किया पैक्स का शुभारंभ




**हैदरनगर** प्रखंड के बरेवा में पैक्स का शुभारंभ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, जिप सदस्य संगीता देवी, मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, उपमुखिया पवन कुमार व सुनीता देवी ने संयुक्त रुप से पूजा कर कराया। पैक्स अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस प्रखंड का एक मात्र पैक्स स्थल बरेवा में ही है। इस पैक्स में कुल 380 किसान पंजीकृत हैं। उनके धान का क्रय सरकार की ओर निर्धारित मूल्य साधारण धान 2300 रुपये प्रमि क्विंटल के अतिरिक्त 100 रुपया प्रति क्विंटल बोनस कुल 2400 रुपया प्रति क्विंटल की दर से बिक्रेता को भुगतान किया जायेगा। पैक्स स्थल पर डिजिटल माप तौल व धान की नमी मापने के यंत्र भी स्थापित कर दिये गये हैं। मौके पर प्रगतिशील किसानों में नरेन्द्र कुमार सिंह, अनिल सिंह, रामप्रवेश सिंह, विकास सिंह, सुधीर सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, संजय सिंह, जयप्रकाश सिंह, संजय मेहता, वीरेन्द्र सिंह, छोटू सिंह, प्रदीप सिंह, अनूप कुमार सिंह, एटीएम परवीन जहां, इशरार खान, नावाजिश खान, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, अरुण पांडेय, योगेन्द्र सिंह, पैक्स क्रय पदाधिकारी महेन्द्र गुप्ता, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार सहित कई अन्य किसान शामिल थे। इसके शुभारंभ होते ही तीन किसानों ने कुल 160 क्विंटल धान का विक्रय किया है।

# स्नातक सेमेस्टर 5 की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण हो रही: केंद्राधीक्षक



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्नातक सत्र 2021-24, सेमेस्टर 5 व बैकलॉग की परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संचालित हो रही है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा 12 दिसंबर 2024 से दोनों पालियों में व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही है। परीक्षा को सुचारू रूप से संचालन के लिए परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार सिंह को कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। केंद्राधीक्षक व परीक्षा नियंत्रक द्वारा वीक्षकों और परीक्षार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, कदाचार करने वाले परीक्षार्थियों को बख्शा नहीं जाएगा। शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त परीक्षा कराना प्राथमिकता है। इस जानकारी केन्द्राधीक्षक सह प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने दी। परीक्षा केंद्र पर पुलिस व मजिस्ट्रेट की कड़ी निगरानी व कॉलेज कर्मियों के सहयोग से सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही हैं।

## बाइक के धक्के से छात्र गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य रोड के बक्शी उच्च विद्यालय के समीप बाइक के धक्के से कोचिंग सेंटर जा रहे छात्र अंकित कुमार 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। वह हुसैनाबाद प्रखंड के टिकरी गांव निवासी रामाश्रय सिंह का पुत्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 9 बजे कोचिंग सेंटर पढ़ने जा रहा था। इस क्रम में तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बाइक से लेकर उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### ग्रामीणों में शोक की लहर, तीन का निधन

**रमना।** देवी धाम चुन्दी के अध्यक्ष संतोष साह के दादा बुधु साह (उम्र 95 वर्ष) का निधन हो गया। वे अपने भरे-पूरे परिवार को छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। वहीं, मस्जिद टोला निवासी और सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी रामनाथ ठाकुर (उम्र 75 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय नदी तट पर कर दिया गया। इसी क्रम में नीचे बाजार निवासी पारा शिक्षक खुर्शीद आलम की दादी रोजनी बीबी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। इस दुखद घटना की सूचना पाकर झामुमो नेता मुन्ना प्रसाद, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, मुन्ना पासवान, संदीप चंद्रवंशी, अनिल गुप्ता समेत कई लोग मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम: पुलिस ने प्रमुख स्थानों पर लगाए पोस्टर



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जिले में 18 दिसंबर को एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता व पुलिस बल द्वारा प्रचार शुरू कर दिया गया हैं। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि 18 दिसंबर को लेस्लीगंज अनुमंडल क्षेत्र के पांकी थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही थाना पुलिस द्वारा गांवों, बैंक, साप्ताहिक हाट बाजार जाकर लोगों से अपील कर प्रस्तावित शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजन स्थल पर पहुंच कर अपनी बातों को रखें। लेस्लीगंज थाना पुलिस द्वारा चौक-चौराहों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगाकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम के बारे में बताया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिक संख्या में लोगो को भाग लेने की अपील की गई है। पोस्टरों के माध्यम से भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि अपने नजदीकी शिकायत केंद्र पर पहुंचकर शिकायतें दर्ज कराएं। इस पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित समस्याओं को भी सुना जाएगा और उनका जल्द समाधान किया जाएगा।

# अंचल में अमीन नहीं रहने से बढ़ रही है जमीनी विवाद



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** अंचल में अमीन नहीं रहने के कारण क्षेत्र के दर्जनों मापी वाद लंबित है । लोग महीनों से नापी का आवेदन देकर जमीन की पैमाइश के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। परंतु अमीन नहीं रहने के कारण जमीन की नापी नहीं हो पा रही है। इससे क्षेत्र में जमीनी विवाद बढ़ रहा है। गांव तथा शहरी क्षेत्रों में अधिकतर विवाद जमीन संबंधित ही होता है। जो कभी कभी कानून व्यवस्था के लिए मुश्किलें पैदा कर देती है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि अमीन नहीं रहने से मापी संबंधित कई मामले लंबित हैं। अमीन उपलब्ध कराने के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा गया है।

## बीडीओ ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण, ली जानकारी

**खबर का असर**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमाखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम टिटही के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को 'टिटही गांव का सरकारी स्कूल भगवान भरोसे छह माह से एमडीएम बंद' शीर्षक से संबंधित खबर छपने के बाद मंगलवार को बीडीओ श्रवण भगत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्कूल की जांच की। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि स्कूल जांच में खुला पाया गया। मौके पर शिक्षक मौजूद थे। स्कूल में एमडीएम बंद था। शिक्षक से पूछने पर उन्होंने बताया कि वह विभाग को सूचना देकर अवकाश पर थे। इसलिए स्पष्टीकरण बीईओ व शिक्षक दोनों को देना होगा उसके बाद हीं पता चल सकता है कि स्कूल क्यों बंद था।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ-सम्मेलन सह बाल मेला का आयोजन

# परिवार एक ऐसी कड़ी है, जो भविष्य का निर्माता है : रंजना भारती



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में मातृ सम्मेलन सह बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीपीएम रंजना भारती, कन्या मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापिका नीलम पांडेय, संरक्षक दिनेश कश्यप, अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, संजीव गुप्ता,रत्ना वर्मा, बबीता देवी,प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से भारत माता व मां सरस्वती, अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन, सरस्वती वंदना के साथ किया। मुख्य अतिथि रंजना भारती ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के धरोहर हैं। बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती हैं। बच्चे समाज व देश के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शिशु मंदिर में अध्ययनरत भैया-बहनों का संस्कार पक्ष बहुत ही मजबूत होता है। परिवार एक ऐसी कड़ी है जो भविष्य का निमार्ता है। उन्होंने कहा कि आज के समाज में सभी मां को जागरूक होने की आवश्यकता है। शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए मां ही सक्षम होती है। मां उस बीज का पालन पोषण करती है, जो मधुर फल देता है। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने प्रस्तावना रखी। उन्होंने कहा कि भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास में मां की भूमिका विशेष होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने स्वागत गीत और भाव नृत्य प्रस्तुत कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही अनेक मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मातृ सम्मेलन में अनेक बिंदुओं जैसे समय, स्वच्छता, अनुशासन, भोजन, गृह कार्य पुस्तकों का रखरखाव, न्यू टेक्नोलॉजी आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया। मातृ सम्मेलन में 275 माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव राकेश तिवारी, कार्यक्रम प्रमुख छाया कुमारी, सुषमा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, आरती कुमारी,संजय सिन्हा, अजय कुमार,शशि कुमार, रंजीत मिश्र, धर्मेन्द्र मेहता, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक,दीपक पांडेय, राजेश्वर सिंह यादव, नीतीश मिश्रा सहित सभी का योगदान सराहनीय रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया।

## पंचायत सचिवालय से लैपटॉप व महत्वपूर्ण फाइलों की चोरी



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल मुख्य नहर के तटवर्तीय निर्जन स्थान पर अवस्थित भजनियां पंचायत सचिवालय से लैपटॉप व महत्वपूर्ण फाइलों की चोरी की घटना सामने आई है। इस घटना की सूचना पर एएसआई सुरेंद्र तिवारी ने पहुंचकर जांच की। इस मामले में मुखिया सोनी देवी ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराई है। घटना के संबंध में बताया गया कि चोरों ने छत के गेट का ताला तोड़कर प्रवेश किया है। मुखिया और पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल के कक्ष का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसमें मुखिया के कक्ष से लैपटॉप और महत्वपूर्ण फाइल की चोरी कर ली है। पंचायत सचिव के कक्ष की दो आलमारी को तोड़कर उसमें रखे कागजात को बिखेर दिया है। पुलिस मामले की तफसील से जांच और चोरों के धरपकड़ में जुट गई।

# महुडंड के लिखलाही पहाड़ की गुफाओं में उकेरित हैं पाषाणकालीन प्रागैतिहासिक शैलचित्र



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत महुडंड के जंगलों-पहाड़ों के बीच स्थित लिखलाही नाम की दो पहाड़ियों की गुफाओं में प्रागैतिहासिक अथवा शैल चित्र मिले हैं। जो पाषाण काल के माने जा सकते हैं। आज से 12 साल पहले ही इसकी खोज कर उन्हें सुर्खियों में सामने लाया है। जपला निवासी और एसएस मेमोरियल कॉलेज, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता ने। उन्होंने बताया कि इन प्रागैतिहासिक अथवा शैलचित्रों में मानव अंकन ( पुरुष और स्त्री ) पशु अंकन, शिकार के दृश्य और ज्यामितीय अलंकरण शामिल हैं। जिनके रंग सफेद हैं। जैसे लगता हो, अभी-अभी किसी ने चॉक से उन्हें उकेरा है। उन्होंने बताया कि ऐसी ही शैल चित्र केरल राज्य से भी मिलते हैं। उन्होंने बताया कि लिखलाही की इस खोज में हेरिटेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अजीत कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, मनोज शर्मा भी शामिल थे। उन्होंने इन चित्रों के संरक्षण की जरूरत बताया है। पुरातात्विक महत्व के स्थलों व अवशेष की खोज में करीब दो दशक से इस क्षेत्र में सक्रिय सोनघाटी पुरातत्व परिषद, जपला की टीम भी इसके तब के अध्यक्ष के साथ तत्कालीन पुलिस अधिकारी रामकिंकर सिन्हा की अगुवाई में इन चित्रों का आकलन करने पहुंची थी। वर्तमान अध्यक्ष शिक्षाविद व इतिहासकार अंगद किशोर के अनुसार इस क्षेत्र में जंगल-झाड़ों के मध्य एक पहाड़ी स्थित है,जिसे स्थानीय परहिया जनजाति के लोग लिखलाही-संग्रह पहाड़ी कहते हैं। पहाड़ी के नाम से ही पता चलता है कि यहां कुछ लिखा हुआ है। इस पहाड़ी के अंदर में एक गुफा-चित्र है। इस गुफा तक पहुंचने के लिए लगभग 40 फीट लंबा एक संकीर्ण सुरंगनुमा मार्ग है। गुफा की दीवार पर सफेद रंग से एक रेखांकन दृष्टिगोचर है, जिसमें एक व्यक्ति अपने हाथ में भाला लेकर एक हिरण को खदेड़ रहा है। मानव को देखकर हिरण भयभीत है, और भागे जा रहा है। संभवतः उस समय सफेद रंग का निर्माण चूना पत्थर के साथ कुछ और चीज मिलाकर किया जाता होगा, जो मिटाने से भी नहीं मिटता है। निर्जन क्षेत्र में स्थित पहाड़ी की गुफा में उकेरित होने की वजह से शैलचित्र सभ्य समाज की पहुंच से बाहर हैं। उनके अनुसार प्रवेश मार्ग इतना संकीर्ण है कि गुफा तक पहुंचने के लिए कहीं झुककर तो कहीं बैठकर जाना पड़ता है। इस क्षेत्र के परहिया जनजाति के लोगों के मध्य एक विचित्र मान्यता सैकड़ों वर्षों से प्रचलित है। उनके अनुसार, इस गुफा में उनके पूर्वजों एवं देवताओं का वास है। इसलिए जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार होता है तो उसे ले जाकर इसी गुफा में लिटा दिया जाता है। तत्पश्चात गुफा-चित्रों को धोकर अपने पूर्वजों एवं देवताओं का आह्वान करते हैं। उन जनजातियों का विश्वास इतना प्रबल है कि कहते हैं कि रोगी बिल्कुल ठीक हो जाता है। इस प्रकार की मान्यता विश्व के दूसरे क्षेत्रों में भी मिलती है। कतिपय इतिहासकारों के अनुसार इस प्रकार की चित्रकला का उद्देश्य शिकार संबंधी जादू-टोने से है। ये चित्र उन गुफाओं में बनाये गये हैं, जहां आज भी पहुंचना अत्यंत कठिन है। कल्पना की जा सकती है कि उस समय पाषाणी कलाकारों को चित्र बनाने में कितना कष्ट उठाना पड़ा होगा। इन चित्रों को मात्र कलात्मक अभिरुचि का परिचायक नहीं माना जा सकता है।

# कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं, हो रही परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड में कड़ाके की ठंड तीन-चार दिनों से काफी बढ़ जाने से रात का पारा काफी नीचे गिर गया है। साथ ही दिन में भी शीतलहरी चलने लगी है। प्रशासन की ओर से अभी तक कड़ाके की ठंड में किसी भी चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था नहीं किया गया है। बस स्टैंड, इंदिरा चौक, हॉस्पीटल सहित अन्य स्थानों पर रात में लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात में आने-जाने वाले राहगीर भी ठंड से परेशान है। अस्पताल में आने वाले मरीज भी ठंड से परेशान हैं। कई जगहों पर लोगों ने कूड़ा करकट जलाकर ठंड से अपने को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतिदिन पारा गिरने से ठंड बढ़ते जा रही है। प्रशासन व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अलाव की व्यवस्था अभी तक कहीं नहीं किया गया है।

**प्रस्ताव**

### अनुपस्थित विभागों के अधिकारियों से शो कॉज पूछने का निर्देश

# पंचायतों के माध्यम से बालू खनन की इजाजत दी जाए : प्रमुख



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में बालू के अभाव में निजी और सरकारी निर्माण कार्यों के प्रभावित होने की स्थिति में कोल्हुआ और वीरधवर के समीप इसके खनन की पंचायतों को इजाजत देने का प्रस्ताव प्रमुख अर्चना देवी ने रखा। उनके इस प्रस्ताव पर सदस्यों की सर्वसम्मति के साथ इसे उच्चाधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया गया। बाद में स्कूलों में फॉर्म भरने में पैसा उगाही की पंसस ममता देवी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की सहमति बनी। बाद में इसकी जांच बीडीओ रणवीर कुमार ने किया। ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कंबल वितरण की मांग को भी गंभीरता से लिया गया। भजनियां की पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी देवी ने वृद्धा पेंशन स्वीकृत में महिनों के विलंब की समस्या का निराकरण करने की सलाह दी। पंसस ममता देवी के स्टेशन रोड से पदारथडीह-राजनडीह और एनकेपी स्कूल से वाया रामनगर-राजनडीह तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बीडीओ ने आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया कि प्रखंड के कुल 3878 लाभुकों को मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें 3797 योजना पूर्ण कर दिए गए हैं। मृत और पलायित लाभुकों के 14 योजना को पूरा नहीं कर पाने की स्थिति में इसकी सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, प्रभारी कृषि, खाद्य व आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, एएसआई विपीन ठाकुर, सीएचओ रामी किण्डो और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह सहित अन्य कई अधिकारी व सदस्य शामिल थे। केनरा बैंक, ग्रामीण बैंक, शिक्षा व वन विभाग के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरूद्ध शोकॉज करने का निर्देश प्रखंड प्रमुख ने दिया।

## मुखिया ने पुलिया का किया उद्घाटन

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत स्थित छपरदागा में इमली नाला पर 1.5 लाख रुपये की लागत से बनी पुलिया का उद्घाटन मुखिया अनीता देवी ने पूजा-अर्चना कर किया। यह पुलिया कई वर्ष पहले सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत बननी शुरू हुई थी, लेकिन योजना बंद होने के कारण निर्माण अधूरा रह गया था। ग्रामीणों की समस्या और मांग को देखते हुए मुखिया अनीता देवी ने 15वें वित्त आयोग की राशि से पुलिया का निर्माण पूरा कराया। पुलिया के बन जाने से छपरदागा गांव की बड़ी आबादी को बरसात के दिनों में नाला पार करने में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। उद्घाटन के मौके पर वार्ड सदस्य प्रभा देवी, विश्वनाथ यादव, रीना देवी, हल्कनियां देवी, दलेश्वर यादव, प्रदीप यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# धुमकुड़िया भवन समेत कई योजनाओं का शिलान्यास लाभुकों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को पाटन प्रखंड के मेराल पंचायत के झरीनिमिया गांव में धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति को सहेजना सरकार की प्राथमिकता है। यह भवन आदिवासियों की सांस्कृतिक सभाओं और महत्वपूर्ण आयोजनों का केंद्र बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कच्चे रास्ते को जल्द पक्की सड़क में बदल दिया जाएगा। इसके बाद मंत्री ने नौडीहा पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से आसपास के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, पाटन बीडीओ-सीओ, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



### ओपन जिम और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन

पाटन प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ओपन जिम और ऊर्जा स्तंभ का उद्घाटन किया। साथ ही साइकिल स्टैंड सह पार्किंग शेड और बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी परियोजना की नींव रखी। उन्होंने मौके पर वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 42 महिला समूहों को 1.26 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। इसके अलावा 20 लाभुकों को सॉइल हेल्थ कार्ड और बच्चियों को साइकिल दी गई।

**बिजली समस्या के समाधान का निर्देश**

ब्लॉक परिसर में सिलाई केंद्र के संचालन के लिए बिजली की आवश्यकता पर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विभागीय जीएम को फोन कर 15 दिनों के भीतर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंत्री ने प्रखंड और अंचल कार्यालयों में शिकायत पेटी लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं, जिनका समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

## सदर प्रखंड के 49 छात्र-छात्राओं को साइकिल मिला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सदर प्रखंड में मंगलवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराहा कला के 31 छात्र-छात्राओं और राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू विद्यालय के 18 छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखा गया। प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीडीओ और बीडब्ल्यूओ ने साइकिलें वितरित कीं। सदर प्रखंड के लिए सत्र 2024-25 में कुल 1386 साइकिल वितरित की जानी हैं, लेकिन अब तक केवल 130 साइकिलों का वितरण ही किया जा सका है। बीडब्ल्यूओ ज्योति रंजन ने जानकारी दी कि अगले दो से तीन दिनों में सदर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के सभी पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित कर दी जाएंगी।

## गढ़वा : भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की मांग

- सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत मामला उठाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक प्रोजेक्ट के तहत झारखंड में आईएमसी की स्थापना का निर्णय केंद्र सरकार द्वारा लिया गया है और राज्य सरकार को सूचित भी किया जा चुका है। सांसद ने कहा कि भवनाथपुर में सेल द्वारा 1180 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराई गई है, जो बोकारो की प्रस्तावित 700 हेक्टेयर जमीन से कहीं अधिक है। ऐसे में भविष्य में आईएमसी के विस्तार की संभावनाएं भी अधिक होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में शामिल है और प्रधानमंत्री का स्पष्ट उद्देश्य है कि आकांक्षी जिलों में विकास को गति देकर उन्हें विकसित जिलों की श्रेणी में लाया जाए। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि राज्य सरकार को गढ़वा जिला के भवनाथपुर में आईएमसी स्थापित करने का निर्देश दिया जाए। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलग दुबे ने दी।

## जरूरतमंदों को न्याय दिलाना पारा लीगल वॉलंटियर्स का कर्तव्य

- निःशुल्क कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जरूरतमंदों और गरीबों को न्याय व सहायता दिलाना पारा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) का मुख्य कर्तव्य है। जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, उन्हें कोर्ट फीस देने की आवश्यकता नहीं होगी, इसका पूरा खर्च जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) वहन करेगा। यह बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहीं। वे मंगलवार को जिला व्यवहार न्यायालय में मानसिक बीमारी से ग्रसित बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं और सरकारी योजनाओं पर आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव चयनित 10 पीएलवी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएलएसए न्याय पाने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लेता है और पीएलवी का कर्तव्य है कि जरूरतमंदों को बिना खर्चे के सहायता दिलाएं। उन्होंने पारा लीगल वॉलंटियर्स को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताते हुए कहा कि दिव्यांग और मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को समाज में कलंकित न मानें, बल्कि संवेदनशीलता और देखभाल से उनका सहयोग करें। उन्होंने सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने, जागरूकता कैंपेन चलाने और समाज में भरोसा कायम करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि पीएलवी को अपने कार्य में सेवा भावना और ईमानदारी रखनी होगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब और वंचित वर्ग तक पहुंचाने की बात कही और सभी पीएलवी को किसी भी समस्या के समाधान के लिए डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव से संपर्क करने का निर्देश दिया।

## सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा की आवश्यकता : आलोक चौरसिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना अघोर आश्रम रोड स्थित शिव महावीर मंदिर परिसर में शांति विकास संघ द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह और पूर्व वार्ड पार्षद सुशीला कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।
विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति विश्व में महान हैं, और इन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा होगी, साथ ही समाज में एक बेहतर वातावरण का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह ने कहा कि भक्ति जागरण के आयोजन से लोगों में अपने धर्म के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ता है, जिससे सामाजिक ताना-बाना मजबूत होता है। उन्होंने यह भी बताया कि सनातन धर्म से ही लोगों में समर्पण और सेवा की भावना का विकास होता है, जिसे समाजहित में लगाना चाहिए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अनपरा से आए शशि म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भक्ति जागरण की शुरूआत की। गायक शशि श्रीवास्तव ने गणेश वंदना और गायिका सविंदा राज ने देवी गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद भक्ति गीतों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। गायक पवन दीवाना ने भी कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

# प्रशासन की नाक के नीचे अवैध दुकानों का संचालन, कार्रवाई नहीं

- प्रशासन की नजरअंदाजी, कार्रवाई में देरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय परिसर में कई दुकानदारों ने अवैध तरीके से कब्जा जमा लिया है और दशकों से ये दुकानें संचालित हो रही हैं। नए समाहरणालय के बनने और पुराने जर्जर भवनों के ध्वस्त होने के बाद दर्जनों लोग इस मौके का फायदा उठाकर अवैध रूप से दुकानें बना रहे हैं। इनमें से कई दुकानें कोल्ड ड्रिंक, फोटो स्टेट और पान भंडार की हैं, जो प्रशासन की आंखों के सामने संचालित हो रही हैं। इन अवैध दुकानों पर प्रशासन की कोई कार्रवाई न होने से दुकानदारों का मनोबल बढ़ा हुआ है। समाहरणालय परिसर की जमीन खासमहाल की है, जिस पर बिना अनुमति निर्माण अवैध है, लेकिन बावजूद इसके इन दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने कई बार इन दुकानों को हटाने का प्रयास किया, लेकिन मिलीभगत के चलते ये फिर से खुल जाती हैं। इन दुकानों के संचालक, जिनमें से कुछ कोल्ड ड्रिंक और फोटो स्टेट की दुकान चला रहे हैं, अवैध रूप से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का काम भी करते हैं और इसके बदले मोटी रकम वसूलते हैं। इस स्थिति पर प्रशासन की कोई प्रभावी कार्रवाई न होने से स्थानीय लोग परेशान हैं।

## 'द एकेडमी गुरु' के करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन, छात्रों के भविष्य संवारने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में 'द एकेडमी गुरु' द्वारा छात्रों के करियर काउंसलिंग सह सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन द एकेडमी गुरु के फाउंडर मेंबर डॉ. एस.पी. दुबे, धीरज उपाध्याय, संजीव तिवारी, नागेंद्र सर, देवल सरकार, सिद्धार्थ सर, वेद प्रकाश और अकरा जैन यूनिवर्सिटी के एडमिनिस्ट्रेटिव हेड अभिषेक कुमार एवं संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. एस.पी. दुबे ने कहा कि पलामू के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए 'द एकेडमी गुरु' की स्थापना की गई, जो आज पूरे राज्य में बेहतरीन परिणाम देने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य कम आय वाले मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार देना है।
मैथमेटिक्स फैकल्टी धीरज उपाध्याय ने कहा कि यह संस्थान पूरे राज्य में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। वहीं फिजिक्स फैकल्टी संजीव तिवारी ने प्रयोगिक शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि गरीब परिवारों के छात्रों को शुल्क में विशेष रियायत दी जाती है।
बायोलॉजी शिक्षक नागेंद्र सर ने कहा कि नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। देवल सरकार ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुए बताया कि टीम क्वालिटी एजुकेशन पर काम कर रही है।
अंत में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यूडियस डांस एकेडमी के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन ई. नंदकिशोर भारती ने किया।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज थाना परिसर में सुनी जाएंगी नागरिकों की शिकायतें

**मेदिनीनगर।** झारखंड के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश के तहत राज्य भर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन करना है। बुधवार को सदर प्रखंड के अंतर्गत सतबरवा थाना, सदर थाना और शहर थाना का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शहर थाना परिसर में आयोजित किया जाएगा, जहां पदाधिकारी द्वारा नागरिकों से प्राप्त लिखित और मौखिक शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सदर प्रखंड के सतबरवा और सदर थाने के तहत विभिन्न गांवों में पोस्ट के माध्यम से और स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे लोग इस कार्यक्रम में भाग ले सकें। खासतौर पर जोड़ खंडवा, बड़कागांव, रजवाड़ी और चियाकी जैसे गांवों में नागरिकों को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। पलामू एसपी रीशमा रमेशन ने जिले वासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के गांवों, मोहल्लों और अन्य स्थानों पर किसी भी प्रकार की समस्याओं या शिकायतों से ग्रस्त नागरिकों को इस कार्यक्रम स्थल पर भेजें ताकि उनकी शिकायतों का समाधान किया जा सके।

## झारखंड ऑटो चालक महासंघ और जिला प्रशासन के बीच समझौता, 7 बिंदुओं पर बनी सहमति

- शहर को जाममुक्त और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन की इकाई झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ, पलामू जिला समिति और जिला प्रशासन के बीच मंगलवार को यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर 7 बिंदुओं पर सहमति बनी। महासंघ के संयोजक सह केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह और अध्यक्ष रामाकांत दुबे के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के समाधान के लिए नगर निगम आयुक्त के प्रयास से यह समझौता हुआ। समझौते के तहत यह निर्णय लिया गया कि जब तक शहर के बाहर बस स्टैंड के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, यात्री शेड, लाइट और सुरक्षा की व्यवस्था पूरी नहीं हो जाती, तब तक शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले सभी ऑटो और ई-रिक्शा अपनी सवारियां छःमुहान स्थित टैक्सी स्टैंड पर ही उतारेंगे और चढ़ाएंगे। सहमति के अनुसार, छःमुहान से उपायुक्त आवास, मस्जिद चौक और हॉस्पिटल चौक तक किसी भी ऑटो या ई-रिक्शा को सड़क पर खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी, ताकि यातायात बाधित न हो। इसके अलावा, ऑटो चालक नगर निगम द्वारा निर्धारित शुल्क केवल अधिकृत वेंडर को ही 24 घंटे में एक बार देंगे। यदि किसी अन्य द्वारा अवैध वसूली की जाती है, तो इसकी शिकायत लिखित रूप से नगर निगम आयुक्त को दी जाएगी। यह भी तय हुआ कि पांकी रोड, रेडमा, बाईपास और जीएलए कॉलेज रोड के लिए ऑटो चालकों को महिला कॉलेज रोड से ओवरब्रिज के जरिए अपने गंतव्य तक जाना होगा। कचहरी चौक पर किसी भी वाहन को रोककर यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी। तीनपहिया वाहन चालकों के साथ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार, मारपीट या भेदभाव की शिकायत सीधे नगर निगम आयुक्त और संबंधित प्रशासन को की जाएगी। साथ ही, सभी तीनपहिया वाहन चालक पूर्व निर्धारित यातायात नियमों का सख्ती से पालन करेंगे। इस समझौते के दौरान महासंघ के पदाधिकारी, चालक और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और जाममुक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग का वादा किया।

## प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया जलवा

**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल परिसर में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोक गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, भाषण, चित्रकला जैसे विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों को 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के विभिन्न परिणाम इस प्रकार रहेः भाषण प्रतियोगिता में प्रतिमा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कविता लेखन में अलका कुमारी, चित्रकला में गोल्डी कुमारी, विज्ञान मेला (समूह) में दिलीप कुमार प्रजापति और विज्ञान मेला (एकल) में प्रीति विश्वकर्मा ने जीत हासिल की। सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में रिया कुमारी (पलामू) ने एकल नृत्य में पहला स्थान पाया। वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता में सचिन किशोर ठाकुर और लोकगीत गायन में अनीषा कुमारी ने जीत दर्ज की। इस आयोजन में निर्णायक मंडल में हरिवंश प्रभात (कहानी लेखन), रविशंकर पांडे (कविता), साकेत चटर्जी (फोटोग्राफी), संजीव कुमार (भाषण), रमेश कुमार पाठक (नृत्य एवं संगीत), अमन चक्र (पेंटिंग), आशा शर्मा (पेंटिंग), और प्रकाश राय (भाषण) शामिल थे।

**विकास की राह पर वार्ड संख्या 10: समस्याएं भी हैं बरकरार**

# नालियों की सफाई और पानी की आपूर्ति की समस्या अभी भी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 10 में पिछले चुनावों के बाद कई विकास कार्य हुए हैं, लेकिन वार्डवासी अब भी कुछ बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। 2017 में हुए निगम चुनाव में वार्ड पार्षद मधु ओझा ने 500 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी और इस दौरान कई सड़कें और नालियां भी बनाई गई थीं। इसके साथ ही कई जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ भी दिलवाया गया था।
वार्ड की सीमा उत्तर में पोस्ट ऑफिस से लेकर गायत्री मंदिर रोड तक फैली है, और दक्षिण में संतोषी तिवारी के घर से लेकर एफसीआई चौक तक विस्तार है। वार्ड संख्या 10 में शहरी झलक दिखाई देती है, जिससे यहां के निवासी इसे लगातार अपने विकास की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए देखते हैं। हालांकि, इस विकास के बावजूद, कई समस्याएं अब भी हैं, जिनका समाधान जरूरी है।
वार्ड में नालियों की सफाई न होने के कारण पानी का जमाव हो जाता है, जिससे समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कई निवासियों का कहना है कि नालियों का निर्माण तो किया गया है, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं होती। इस कारण सड़कें और नालियां गंदगी से भरी रहती हैं। साथ ही, पानी की आपूर्ति भी नियमित नहीं हो पाती, जो खासकर गर्मी के दिनों में एक बड़ी समस्या बन जाती है।
वर्तमान में, नगर निगम द्वारा पानी की सप्लाई तो की जाती है, लेकिन यह नियमित नहीं होती। इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड में एक नई पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में पानी की आपूर्ति में सुधार की पूरी संभावना है। वार्ड के निवासियों का कहना है कि उन्हें कई बार अपने स्तर पर पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है, खासकर गर्मी के दिनों में। बीते वर्ष, नगर निगम द्वारा पर्याप्त टैंकर की व्यवस्था न होने के कारण वार्डवासियों ने अपनी तरफ से पानी की व्यवस्था की थी।
बहरहाल, वार्ड में कुछ विकास हुआ है, लेकिन अभी भी कई बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है। लोगों की उम्मीदें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में इन समस्याओं का समाधान होगा और वार्ड का विकास एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा।

**वार्ड नंबर 10 के नागरिकों की राय**



वहीं, वार्ड के निवासी कैश अंसारी का कहना है कि मोहल्ले में पूर्व की अपेक्षा काफी विकास हुआ है, लेकिन नगर निगम को सफाई और सड़कों की स्थिति पर अधिक ध्यान देना चाहिए। सत्यानंद उपाध्याय ने भी पानी की आपूर्ति की स्थिति पर चिंता जताई और इसे सुधारने की आवश्यकता बताई। सुधांशु भारती ने नालियों की सफाई की कमी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि नालियां समय पर साफ नहीं की जातीं, जिसके कारण पानी की निकासी में दिक्कत होती है।



*वार्ड पार्षद मधु ओझा ने इस संबंध में बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अपने खर्च पर स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत कराई है और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टैंकर की व्यवस्था की है।*

## तीसरे दिन भी नहीं शुरू हुई धान खरीद, किसान परेशान



- साहूकारों को सस्ते में बेचने की मजबूरी, बबार्दी का डर बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में उद्घाटन के तीन दिन बाद भी धान की खरीदारी शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को दर्जनों किसान उम्मीद लेकर पहुंचे, लेकिन मायूस होकर लौट गए। किसानों में गहरी निराशा देखी गई।
किसानों ने बताया कि रविवार को उद्घाटन होने के बाद उम्मीद थी कि जल्द ही धान की खरीद शुरू होगी, लेकिन अब तक किसी तरह की खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। किसानों का कहना है कि धान खरीद में पहले ही देरी हो चुकी है। अगर यही स्थिति बनी रही, तो बड़ी मात्रा में धान बर्बाद हो सकता है। ठंड के मौसम में नमी के कारण धान की क्वालिटी पर असर पड़ रहा है, वहीं चूहे और अन्य समस्याओं के कारण धान खराब होने का डर भी बढ़ गया है। 2400 रुपए प्रति क्विंटल की सरकारी दर के बावजूद किसानों को मजबूरी में साहूकारों को 1800 रुपए प्रति क्विंटल में धान बेचना पड़ रहा है। पथरा से आए किसान अनिल प्रसाद ने बताया कि उनका क्रम संख्या 1333 है, लेकिन धान की खरीद में हो रही देरी से वे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि धान को ज्यादा दिन रखने की व्यवस्था न होने से बबार्दी का खतरा बढ़ रहा है। कोशियारा से आए वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि पिछले वर्ष धान को सीधे राइस मिल को बेचना पड़ा था। इस वर्ष पैक्स के जरिए खरीद से उचित मूल्य मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि देरी के कारण किसान परेशान हैं और समय रहते धान खरीद शुरू होनी चाहिए। गौरतलब है कि व्यापार मंडल कार्यालय में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू की मौजूदगी में किया गया था। बावजूद इसके अब तक खरीद शुरू न होने का कारण अस्पष्ट बना हुआ है।

## एक नजर

### जेंडर कैंपन के तहत जागरूकता रैली निकाली

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना 3.0 एक साथ,एक आवाज हिंसा के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध चितविश्राम पंचायत व पिपरडीह पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। पिपरडीह पंचायत भवन से लेकर जामुन टोला होते हुए चार मुहान तक रैली निकाला गया। चितविश्राम हाई स्कूल से निकल मेन रोड होते हुए बलवही टोला,होते हुए चितविश्राम पंचायत भवन तक निकाला गया। जागरूकता रैली में जेएसएलपीएस कर्मियों ने महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, कुरीतियों से लड़ रहे हैं, मौके पर एसआरपी दीप शिखा सिन्हा,सीआरपी अस्तरून निशा, बीआरपी कृति रॉय,रेखा देवी,शकुंतला देवी,प्रेमशीला, गीता,पम्मी देवी,पूनम देवी,फुलपति देवी,खुशबू देवी,सीमा कुंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर सख्ती का निर्देश

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर होगी कार्रवाई, नियमों का पालन करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त-सह-जिला समुचित प्राधिकारी (पीसी एंड पीएनडीटी) शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार द्वारा पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित अनाधिकृत और बिना लाइसेंस के अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नए अल्ट्रासाउंड केंद्रों के लाइसेंस और रिन्यूअल पर चर्चा करते हुए कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के सभी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। पार्वती अल्ट्रासाउंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर तथा इंदु अल्ट्रासाउंड सेंटर के लाइसेंस आवेदनों की समीक्षा की गई, जबकि मां वैष्णवी अल्ट्रासाउंड सेंटर और बंशीधर अल्ट्रासाउंड सेंटर के लाइसेंस रिन्यूअल के आवेदन प्राप्त हुए। सिविल सर्जन ने बताया कि नए नियमों के तहत अल्ट्रासाउंड केंद्रों के बाहर डॉक्टर का नाम, फोटो और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। साथ ही 'यहां लिंग परीक्षण नहीं होता है' का बोर्ड लगाना आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि नियमों का पालन न करने वाले केंद्रों को दो बार नोटिस जारी कर अविलंब सील किया जाएगा।

#### मुखबिर/ डिकॉय योजना की जानकारी

बैठक में मुखबिर/डिकॉय योजना पर भी चर्चा की गई, जिसके तहत लिंग परीक्षण की सूचना देने पर मुखबिर को 40,000, गर्भवती महिला को 40,000 एवं सहयोगी को 20,000 का इनाम दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि लिंग परीक्षण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान और एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वंचित बच्चों को चिन्हित कर उनका टीकाकरण शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी और अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## आवास व चाहरदीवारी निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे प्रखंड अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास और चहारदीवारी निर्माण में संवेदक द्वारा अनियमितता बरते जाने के कारण झामुमो के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष नागेद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मुन्ना पासवान, निरुद्दिन अंसारी, गुड्डू सिंह, लालमन मेहता,संदीप कुमार,कमलेश विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोगों ने गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर रमना सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मांग पत्र सौंपने के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड परिसर में करोड़ों की लागत से बन रहे आवास और चाहरदीवारी निर्माण में मानक के विरुद्ध समाग्री लगाने को लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत किया जाता रहा है। इस आलोक में अधिकारी को मांग पत्र सौंप कर निर्माण कार्य को बंद कराने तथा उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की मांग की गई। निर्माण कार्य में छड़, बालू मापक के अनुसार नहीं हैं। निमार्णाधीन कार्य की गुणवता इतना खराब है कि ग्रामीणों का हाथ रखते ही चाहरदीवारी गिर गयी। यदि इसकी जांच कर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो विधायक अनंत प्रताप देव सहित उपायुक्त,ग्रावि विभाग और विभागीय मंत्री को पत्र भेज कर जांच कर नियमनानुकूल करवाई की मांग की जाएगी।

## दो नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

### ओझा गुनी के शक में 12 दिसंबर को हुई थी वृद्ध की हत्या



**◂ हत्या में प्रयुक्त तीन टांगी बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने धुरकी थाना अंतर्गत भंडार निवासी स्व. महावीर भुइंया के 62 वर्षीय पुत्र छोटू भुइंया उर्फ छोटू भगत हत्या मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल दोन नाबालिग समेत तेतर सिंह व अंकित सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किए गए तीन टांगी को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार चारों ने हत्या में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि छोटू भुइंया का शव 12 दिसंबर को भंडार ग्राम स्थित गोकुलवा खांड जंगल में बरामद किया गया था। मृतक की बहू 40 वर्षीय राजपतिया देवी ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या कर शव को जंगल में फेंक देने का मामला दर्ज करायी थी। गढ़वा पुलिस कप्तान दीपक पांडेय ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रीवंशीधर नगर सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। पुलिस के अनुसंधान क्रम में यह बात सामने आया कि मृतक झांड फूंक का काम करता था, इस कारण उसे अपने पड़ोसी तेतर सिंह व अंकित सिंह से दुश्मनी चल रही थी। अनुसंधान के क्रम में ही तेतर सिंह व अंकित सिंह से पूछताछ का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों अपने घर से फरार हो गए थे। शक के आधार पर तेतर सिंह व अंकित सिंह के नाबालिग दोस्तों से पूछताछ करने पर उसने हत्या में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए दोनों के भी हत्या में संलिप्त रहने का खुलासा किया। इसके बाद दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाकर भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी से अंकित सिंह को और भंडार से तेतर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। पुलिस हत्या में शामिल दो नाबालिगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा पुअनि धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, पुअनि जितेंद्र कुमार, बीकू कुमार रजक, पुअनि सुनील कुमार राम, सअनि एमन कंडुलना, सअनि अजय कुमार सहित धुरकी थाना के जवान शामिल थे।

## महिला मुखिया के साथ छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड के एक पंचायत के आदिवासी महिला मुखिया के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में पारा शिक्षकपर मुखिया के साथ छेड़छाड़ के अलावा सरकारी दस्तावेज फाड़कर फेंकने का आरोप है। घटना के बाद मुखिया ने उक्त पारा शिक्षक पर कार्रवाई के लिये भंडरिया थाना में शिकायत की है। घटना की जानकारी देते हुए मुखिया ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में सोमवार को वह ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा कर रही थी। आरोप है कि इस दौरान उक्त पारा शिक्षक पंचायत भवन पहुंचकर मुखिया पर नियम विरुद्ध काम करने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर मुखिया के साथ गाली गलौज, मारपीट के साथ छेड़छाड़ करते हुए ग्राम सभा पंजी फाड़ कर फेंक दिया। बताया कि बाद में पंचायत भवन में



उपस्थित लोगों ने मुखिया को बचाया। इस संबंध में पूछे जाने पर पारा शिक्षक ने कहा कि वह विद्यालय से छुट्टी के बाद पंचायत भवन गये थे। वहां उन्होंने मुखिया की ओर से पारा शिक्षक के प्रति किये गये दुष्प्रचार के बारे में बातचीत हो रही थी। वहां कई लोग थे, लेकिन उनके उपर लगाया गया आरोप पूरी तरह से गलत है। जानबूझकर उन्हें फंसाया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचों के बाद प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## विधायक से मिली प्रमुख, बीडीओ, बीपीओ को हटाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को नगर गढ़ में विधायक अनंत प्रताप देव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड से जुड़ी जनहित जनसमस्याओं से विधायक को अवगत कराया। प्रमुख चंद्रावती देवी ने विधायक को आवेदन देकर मनरेगा बीपीओ नीरज कुमार पाल को हटाने का आग्रह किया। प्रमुख ने कहा है कि बीपीओ जब से प्रभार लिए है, जनता का एक भी काम नहीं हो रहा है। बल्कि बीपीओ नियम कानून का हवाला देकर लाभुकों से पूर्व की संचालित योजनाओं में बड़े पैमाने पर रिश्वत वसूल रहे हैं। जो लोग बीपीओ को रिश्वत दे रहे हैं सिर्फ उनका ही काम हो रहा है। इस कारण प्रखंड में मनरेगा योजना का सफल क्रियान्वयन नहीं होने से मजदूरों का पलायन जारी है। बीपीओ के व्यवहार से जनता और जनप्रतिनिधि दोनों में आक्रोश है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पता चला कि



पाचाडुमर गांव निवासी विमलेश पासवान द्वारा रैयती जमीन नहीं रहने के वावजूद विकास पासवान, भोला पासवान सहित अन्य 10 लोग एक ही परिवार के सदस्यों सदस्य है। मनरेगा कर्मियों के मिलीभगत से नाम बदल-बदल कर मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण योजना का लाभ दी गई है। जिसमें लाखों रुपए की निकासी हो गई है। इसका लिखित शिकायत 15 दिन पूर्व बीडीओ से करने पर बीडीओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। बीडीओ द्वारा विकास कार्यों में रूचि नहीं ली जाती है। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ भी इनका व्यवहार अच्छा नहीं है। इस कारण प्रखंड में रिश्वतखोरी बढ़ गई है, विकास कार्य बाधित होने और जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के कारण सरकार की बदनामी हो रही है। प्रमुख ने विधायक से मनरेगा बीपीओ को दुसरे प्रखंड में स्थानांतरित कराने का अनुरोध किया है।

## नल जल योजना में अनियमितता का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के जिरहुल्ला टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी व अनियमितता बरती गई है। उक्त योजना के संवेदक द्वारा सत्यनारायण यादव के घर के पास लगा जलमीनार तो खड़ा कर दिया गया है, लेकिन टोला के किसी घर में पाईप लाईन से। पानी नहीं मिल पा रहा है। योजना के ठेकेदार द्वारा लोगों से उनके घरों में नल जल पहुंच जाने से संबंधित कागजात लेकर घरों में बिना कनेक्शन किए ही सरकारी राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है। इससे उक्त योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ते नजर आ रही है।

**योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ने लगी**

#### क्या कहना है, ग्रामीणों का

नल जल योजना में संवेदक द्वारा की गई भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के ग्रामीण रविंद्र वैद्य, प्रणय मेहता, बीरबल मेहता,गोरख ठाकुर, मनोज मेहता, अजित यादव, विनय यादव, दिनेश्वर प्रसाद यादव, भारत भूषण मेहता, राम सुधार ठाकुर, दिनेश मेहता, प्रणय मेहता, रवि मेहता, अखिलेश ठाकुर, शिव पूजन मेहता, मंजू पाठक, फूल कुमारी, चंचला देवी सरस्वती देवी आदि ने बताया कि जिरहुल्ला में नल जल योजना के तहत पंचायत में जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सिर्फ जलमीनार खड़ा कर टोला के घरों में पाईप लाईन द्वारा बिना कनेक्शन किए ही छोड़ दिया गया है। कहा कि उक्त टोला में 100 घरों पर पांच सौ आबादी के लिए पांच जल मीनार शुरू होने से पहले ही ठेकेदार के काली करतूत के चलते महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों की माने तो जलमीनार के लिए किया गया बोर भी मानक के अनुरूप नहीं कर कहीं 120 फीट तो कहीं 150 फीट ही कर उसमे सोलर जलमीनार फीट कर दिया गया है। कहा कि संवेदक द्वारा जो पाइप लाईन बिछाया है। वह हर जगह टूट चूका है, तो घर में पानी कैसे आएगा। संवेदक द्वारा जल मीनार में अनियमितता किया गया है। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना में संवेदक द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है। कहा कि ऐसे ही सरकारी राशि को लूटने नही देंगे।

## विद्यार्थियों ने विधिक सेवा जागरूकता के तहत प्रभात फेरी निकाली




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** न्याय से कोई भी गरीब मजदूर और असहाय जनता वंचित न हो इसके लिए झालसा (झारखंड राज्य विधि सेवा प्राधिकरण) ने कानूनी सुविधा के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। इसमें आम जनता को किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। आज भी लोग इस सुविधा के बारे में नहीं जानते हैं, विधिक सेवा से वंचित रह जाते हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल पाता। इस निःशुल्क विधिक जागरूकता के लिए रविवार को भी प्रखंड सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया था। निःशुल्क विधिक सेवा जागरूकता के लिए झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव रवि चौधरी के निर्देशानुसार पिएलवी प्रदीप कुमार गुप्ता और रुपेश कुमार रजक के उपस्थिति में राज्यकीय प्लस टू उच्च विद्यालय चटनिय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर से विधि जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली गयी जो मुख्य सड़क होते हुए थाना रोड से होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंच कर समाप्त हो गया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल, प्रखंड समन्वय विक्रांत कुमार, कल्याण पदाधिकारी राहुल प्रकाश, सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार साथ पुलिस बल एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को किया जागरूक

**सिमरिया(चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के शिला ग्राम मे संचालित आस्था एकेडमी शीला के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों ने उत्प्रेरक स्लोगन भारत माता की जय, जय हिन्द जय भारत, बाल श्रम बंद करो, बाल विवाह मुक्त भारत, नशा छोड़ो जिन्दगी से नाता जोड़ो नारे लगाए गए। प्रभात फेरी सिमरिया प्रखंड कार्यालय के पीएलवी (अधिकार मित्र) सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उत्प्रेरित करने का काम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे आस्था एकेडमी के प्रधानाचार्य सज्जन कुमार कुशवाहा, सुषमा कुमारी, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, सोनी मिस, सुनैना आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## फरियाद

## जनता दरबारः उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# राशन कार्ड, भूमि विवाद और रोजगार समेत 13 मामलों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। राशन कार्ड में नाम जोड़ने, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार सृजन एवं पेंशन जैसी समस्याओं को लेकर 13 आवेदन दर्ज किए गए। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार की शुरूआत मंझिआँव प्रखंड से आईं चंचल देवी और आरती देवी की शिकायत से हुई। उन्होंने अपने बच्चों के नाम राशन कार्ड में जोड़ने का अनुरोध किया। चंचल देवी ने बताया कि पिछले दो बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन देने के बावजूद उनके बच्चों का नाम जोड़ा नहीं गया है। आरती देवी ने भी इसी समस्या को रखते हुए उपायुक्त से मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

#### भूमि विवाद की समस्या

डंडा प्रखंड के मोतीहारा निवासी उमेश राम ने अपनी जमीन की मालबंदी को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उमेश राम ने बताया कि उन्हें बाल विकास बंधुआ मजदूर योजना के तहत मिली जमीन पर वे 25 वर्षों से खेती कर रहे हैं और घर बनाकर रह रहे हैं। बावजूद इसके, अंचल कार्यालय से जमीन की मालबंदी के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी डंडा को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा।

#### आंगनबाड़ी सहायिका की बहाली

गढ़वा की हसीना बीबी, जो पतसा-1 आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर कार्यरत थीं, ने अपने पद पर पुनः बहाली की मांग रखी। उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के प्रसव से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें कुछ महीनों तक काम से अनुपस्थित रहना पड़ा। अब वे फिर से कार्यभार संभालने को तैयार हैं। उपायुक्त ने इस मामले में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

#### जनता दरबार में समाधान पर जोर

जनता दरबार में कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राशन कार्ड में नाम जोड़ने, भूमि विवाद, पेंशन, रोजगार सृजन, और बकाया मजदूरी भुगतान जैसी समस्याएं शामिल थीं। उपायुक्त ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना

## खरौंधी प्रखंड में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शांति व कदाचारमुक्त संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन पहली से लेकर सातवीं कक्षा तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 और दूसरी पाली 12:30 से 2:30 बजे तक चली। कक्षा 1 और 2 के छात्रों की परीक्षा मौखिक रूप में आयोजित की गई, जबकि कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों ने वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर दिया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान शांतिपूर्ण माहौल रहा और इसे पूरी तरह कदाचारमुक्त तरीके से आयोजित किया गया। बच्चों में परीक्षा को लेकर उत्साह देखा गया और उन्होंने अपनी परीक्षाएं मन लगाकर दी। प्रखंड प्रशासन ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सफलता पूर्वक हुई।

## पूजा समिति के अध्यक्ष बने प्रभात



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव पंचायत अंतर्गत तेतरिया में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरस्वती पूजा आयोजन को लेकर संगम क्लब की बैठक हुई। अध्यक्षता सतीश कुमार दांगी व संचालक दुर्गेश कुमार ने किया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन करने का निर्णय लेते हुए पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रभात कुमार दांगी, उपाध्यक्ष आकाश कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष अखलेश कुमार व प्रवक्ता दुर्गेश को बनाया गया। बैठक में संजय कुमार, शशि कुमार, उपेंद्र कुमार समिति के सदस्यओं के साथ गांव के बुजुर्ग आदि उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान शिविर आज



**बालूमाथ।** राज्य के डीजीपी ने एक अनोखी पहल की है। सभी जिले के पुलिस अनुमंडल थाना पर ग्रामीणों का समस्या को समाधान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 18 दिसंबर को बालूमाथ थाना में किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत समाधान शिविर की तैयारी पूरी हो चुकी है। ग्रामीण अपनी समस्याओं का आवेदन देकर मामला दर्ज करवा सकते हैं। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने कहा कि समस्या चाहे जैसा भी हो उसके समाधान के लिए पुलिस हर तरह से पहल करेगी। ग्रामीण इस शिविर का लाभ उठाएं। शिविर को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा है। बता दे कि इस तरह का पुलिस द्वारा पहल बीते कुछ माह पहले भी की गई थी जिसमें कई आवेदन आए थे और जिसका पुलिस कई मामले का निष्पादन कर चुकी है।

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान का निर्देश

# समस्याओं को दूर करना प्रशासन की प्राथमिकता: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान करें। आपदा प्रबंधन मुआवजा को लेकर बरवाडीह प्रखंड निवासी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पिता की मौत हो जाने के बाद 2 वर्षों से आपदा प्रबंधन मुआवजा के लिए नियमानुसार दस्तावेज देने के उपरांत भी अभी तक कोई मुआवजा राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का



निर्देश दिया। इस प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से मुआवजा, भूमि विवाद, दिव्यांग वाहन उपलब्ध कराने के संबंध में, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी जुड़े आवेदन था। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान करें। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं का समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई, तीन वाहन जब्त

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड में अवैध खनन और खनिज परिवहन को लेकर चलाए गए जांच अभियान में जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वाहन जब्त की। जब्त वाहनों में दो हाइवा, एक ट्रैक्टर शामिल हैं। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान दोनों हाइवा ओवरलोड था। उनमें चालान में अंकित मात्रा से लगभग 200 सीएफटी चिप्स ज्यादा खनिज ले जाया जा रहा था। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट के बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर भी पकड़ा गया। नदीम शफी ने स्पष्ट किया कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से खनिज की ढुलाई करना पूरी तरह से गलत है और यह कानून का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी बताया कि इन तीनों वाहनों को जब्त कर गारू थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई गारू थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है। शफी ने कहा कि गारू प्रखंड में अवैध बालू ढुलाई और खनन के मामले लगातार सामने आ रहे थे, जिसके बाद यह छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन और बालू ढुलाई के खिलाफ नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, युवती घायल

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतमा पुल के पास भगत यात्री बस व बाइक की टक्कर में घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई। युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को एंबुलेंस से महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। युवती के सिर पर गंभीर चोट लगी है। युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर अमित ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। मृतक युवक की पहचान बारेसांढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामशैली निवासी मनुवर मुंडा के 19 वर्षीय पुत्र अरुण मुंडा के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। परिजनों ने बताया कि युवक अरुण मुंडा ऑनलाइन सामान की डिलीवरी लेने अपनी भतीजी रिंकी कुमारी(18) को बाइक से बसकर्चा लेकर आ रहा था। घटना के बाद स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक का शव व दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर थाना ले आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

## सीओ ने अलाव की कराई व्यवस्था

**खबर का असर**



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के कई जगहों पर अंचलाधिकारी विजय कुमार के निर्देश पर ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था कराई गई है। दिवाकर नगर, चाय दुकान के समीप,मुरपा मोड़ शहीद चौक, गैरेज के समीप, सरकारी अस्पताल, महावीर मंदिर, बकरी बाजार,जामा मस्जिद,जिला परिषद, बस स्टैंड समेत कई जगहों पर अलावा की व्यवस्था करवाई गई है। इससे आस पास के लोगों के साथ गरीब मजदूर,राहगीरों,को ठंड से बचाव हो रहा है। अंचलाधिकारी ने बताया की पूर्व में जो जगह चिन्हित था वहां लकड़ी भेज कर अलाव का व्यवस्था करा दिया गया है। अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था कराने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है की ठंड से बचकर रहें। वर्तमान में तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे गिर चुका है, जिससे ठंड का प्रभाव और अधिक तीव्र हो गया है। तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार,शीतलहर चलने की संभावना है। बता दें कि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में खबर अलाव जलाने संबंधी खबर प्रकाशित हुई थी। इस पर अंचलाधिकारी संज्ञान लेते हुए पहल की है।

## वरीय पदाधिकारी ने किया योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को गिद्धौर के वरीय पदाधिकारी वेदंती देवी ने विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा,अबुआ आवास, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास,मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना,खाद आपूर्ति,15वीं वित्त सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधूरे आवास को जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को वैसे आदिम जनजाति जिनका लाल,हरा व सफेद राशन कार्ड बना है, उन्हें पीला कार्ड में परिवर्तित करने का निर्देश दिया। मनरेगा कर्मियों को योजना में तेजी लाने, समय पर मजदूरी भुगतान करने के साथ कार्य में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया। शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रामकुमार सिंह, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय के अलावे विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मी थे।

## छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी, नशा मुक्त समाज का दिया संदेश

**मयूरहंड (चतरा)।** झालसा रांची के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन में मंगलवार को मध्य विद्यालय महुवरी के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से समाज को नशा मुक्त, बाल विवाह मुक्त तथा महिला सम्मान, सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया। आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक कानून की पहुंच तथा सरकार की योजनाओं का पहुंच और लोगों को अपने हक अधिकार के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अधिकार मित्र दयानन्द कुमार शर्मा, मोजाहिर हुसैन, सोनी कुमारी द्वारा लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कानूनी सलाह के लिए 15100 टॉल फ्री नंबर पर जानकारी के लिए सलाह दी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## कालीकरण सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता बरतने का आरोप

**चंदवा।** प्रखंड के लुकुइया से बोदा तक लगभग सात किमी लंबी सड़क का निर्माण आरईओ विभाग द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की गुणवत्ता निम्न स्तर की है, जिससे सड़क बनते ही उखड़ने लगी है। इससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण सड़क की गुणवत्ता को लेकर जमा हुए और सड़क को हाथों की उंगलियों व पैर से उखाड़ कर दिखाने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का इस्तेमाल लुकुइया, बोदा, चूल्हापानी, बियरजंघा, हेंदेहास, टूपूपत्थर,भदईटांड़, अंबाटोली के सैकड़ों ग्रामीण प्रतिदिन चंदवा प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए करते हैं। पहले इस सड़क की हालत बेहद खराब थी। उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल था। सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने से उन्हें लगा कि सड़क का निर्माण हो जाने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। जिस प्रकार से सड़क निर्माण में गुणवत्ता को ताक पर रख कर कार्य किया जा रहा है। उससे यह सड़क एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि शुरू से ही कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिसका विरोध ग्रामीण पहले भी कर चुके हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार कार्य में सुधार लाने का आग्रह किया गया था,लेकिन कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से उक्त सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने की मांग की है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जब विभाग के कनीय अभियंता को फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल पाया।

## पुल निर्माण में लगे ट्रैक्टर ग्राइंडर, सेंटरिंग प्लाई में लगी आग, 10 लाख का नुकसान

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत के गडगोमा ग्राम स्थित खौरा नदी पर चल रहे पुल निर्माण कार्य में लगा ट्राक्टर, ग्राइंडर, सेंटरिंग प्लाई सहित अन्य सामान में सोमवार रात्रि आग लग जाने से लगभग 10 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। घटना के संबंध मे पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने बताया कि सभी प्रतिदिन के तरह सोमवार संध्या काम बंद कर अपने घर में पहुंच कर बाहर खाना बना कर भोजन कर सो गए। आधी रात को ग्रामीणों ने बुझाव बुझाव का हल्ला करने लगे। उठकर देखा कि घर के समीप खड़ा ट्रैक्टर सेंटरिंग के लिए रखा 100 प्लाई में आग लगा था। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पास ही में रखा 70 लीटर डीजल, ग्रइंडर मशीन, दो टुल्लू पंप पूरी तरह जल कर राख हो गया। ट्रैक्टर को आग से जलने से बचाया लिया गया। घर में रह रहे मजदूरों ने बताया कि ठंड में चूल्हा में आग जल रहा था जिससे यह घटना हुई

# आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर अवैध वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार केंद्र में आधार सुधार, नया आधार, आधार अपडेट करने के लिए संचालक द्वारा मनमाने रूप से पैसे की वसूली की जा रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत लाभुकों का इन दिनों अंगूठा लगाते हुए केवाईसी किया जा रहा है। इसमें कई लाभुकों का आधार अपडेट नहीं होने की वजह से केवाईसी नहीं हो पा रहा है। इसके लिए लाभुकों की भीड़ आधार केंद्र पहुंच रही है। लाभ उठाते हुए आधार केंद्र संचालक भी अवैध वसूली में जुट गए हैं। एक आधार अपडेट करने के लिए डेढ़ सौ रुपए से 300 सौ रुपए तक की वसूली की जा रही है। आधार अपडेट करने पहुंचे कई ग्रामीणों ने बताया कि चार दिनों से आधार केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। अधिक भीड़ होने की वजह से काफी परेशानी हो रही है। प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय आने में परिवार के पालन पोषण के लिए रखा पैसा भी बर्बाद हो रहा है। केवाईसी नहीं होने पर सरकार द्वारा मिलने वाला राशन बंद न हो जाए इसकी भी चिंता सता रही है। कई ग्रामीणों ने बताया कि घर का अनाज बेचकर आधार अपडेट कराने आए हैं। प्रखंड अंतर्गत पारही लोटा पानी ग्राम से आई महिला सरिता बताती है कि उनका आधार कार्ड खो गया था। बनाने के लिए 300 रुपए की मांग आधार संचालक द्वारा की गई। पैसा देने के लिए तैयार होने के बावजूद 2 दिनों से आधार केंद्र का चक्कर लगा रही हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर आधार ऑपरेटर ने बताया की आधार सुधार के लिए 50 रुपए, अपडेट करने के लिए 100 रुपए के लिए जा रहे हैं। आधार ऑपरेटर ने बताया कि प्रतिदिन 50 से 100 आधार कार्ड अपडेट किया जा रहा है। इसके बावजूद पोस्ट ऑफिस की में गेट पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। राशन कार्ड में परिवार के प्रत्येक सदस्य का केवाईसी करने की वजह से बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। लोग पूरे परिवार के साथ राशन डीलर की दुकान पर अथवा आधार केंद्र पर पूरे दिन बैठे नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने उपयुक्त लातेहार से मांग किया है कि प्रत्येक पंचायत मे निःशुल्क आधार अपडेट करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## साक्ष्य संग्रह में सावधानी व संवेदनशीलता बरतने की जरूरत : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्राशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने सभी अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों को साक्ष्य संग्रह में सावधानी बरतने व संवेदनशीलता बरतने की बात कही। उन्होंने अपराधिक घटनाओं का अनुसंधान सही तरीके से करने और वास्तविक अपराधी को सजा दिलाने के लिए जरूरी बातों की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को पोक्सो एक्ट, मोटर दुर्घटना व एनडीपीएस के संबंध में जरूरी विभिन्न साक्ष्य व उसके संग्रहण के तरीकों को विस्तार से बताया। मोटर दुर्घटना में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में पुलिस की अहम भूमिका है। ऐसे मामलों में संवदनशीलता से जांच कर साक्ष्य संग्रह करने की बात कही है। कार्यक्रम में मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा ने वर्तमान में ई- साक्ष्य ऐप के माध्यम से अनुसंधान करने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होने इस प्रक्रिया में आने वाले चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। प्रशिक्षण में साइबर थाना प्रभारी एसआई पिंटू कुमार ने साइबर तकनीकि, एएसआई टिंकू कुमार ने कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम, एएसआई अशोक डे ने फिंगर प्रिंट तकनीक के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में एएसआई सुभाष यादव, पिंटू कुमार, अर्जुन सिंह, कुबेर प्रसाद, राजन अधिकारी, इंदू देवी, रीता देवी, ललू राम, विश्वनाथ राम, महेंद्र कुमार रजक व संतोष कुमार, इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद सिंह समेंत अन्य अनुसंधानकर्ता अधिकारी मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने सहिया दीदी व सहिया साथी के साथ की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सिविल सर्जन दिनेश कुमार ने सहिया दीदी एवं सहिया साथी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव कम होने पर चिंता व्यक्त किया। उन्होंने सहीया दीदी, सहिया साथी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने का निर्देश दिया। कहा जिस सहिया के पोषक क्षेत्र से प्रसव संस्थागत प्रसव कम होंगे। उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी सहिया को सरकार के प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद सिविल सर्जन उपस्थित ग्रामीणों से भी भेंट की। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में जांच लैब शुरू करने, नेत्र चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने, विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग किया। सिविल सर्जन ने जल्द लैब टेक्नीशियन को केंद्र में जहां शुरू करने, बारिश में खराब हो रहे जेनरेटर के समीप छावनी बनाने, नेत्र चिकित्सक को सप्ताह में दो दिन प्रतिनियुक्ति करने की बात कहा। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुमित कुमार जायसवाल, दंत चिकित्सक कुमारी अंजली भगत सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव में लातेहार के प्रतिभागियों ने दिखाया जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नेहरू युवा केंद्र, खेल एवं युवा कार्य विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय युवा उत्सव में लातेहार के प्रतिभागियों ने अपना जलवा दिखाया है। प्रतिभागियों ने पांच प्रथम समेत कुल 11 पुरस्कार जीते हैं। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि भाषण में बीएस कॉलेज की प्रतिमा कुमारी, समूह नृत्य सुंगती कुमारी व ग्रुप, एकल गायन में अनिशा कुमारी, विज्ञान मेला (ग्रुप) में जवाहर नवोदय विद्यालय व फोटोग्राफी में शैलेंद्र उरांव ने प्रथम पुरस्कार जीता है। विज्ञान मेला (एकल) में प्रियंका कुमारी ने दूसरा, समूह गान में नीलम कुमारी ने दूसरा, एकल नृत्य में पुर्णिमा कुमारी ने दूसरा,





पेंटिंग में प्रेमचंद उरांव ने तीसरा और कविता में नैंसी कुमारी ने दूसरा पुरस्कार जीता है। नेहरू युवा केंद्र की युवा अधिकारी कंचन कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार व राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी प्रो नवल किशोर प्रसाद ने विजयी प्रतिभागियों को बधाइ व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हार व जीत लगी रहती है। प्रतियोगिता में भाग लेना सबसे बड़ी चीज है। प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन व स्वयं का मूल्याकंन करने का अवसर प्राप्त होता है। बता दें कि 11 दिसंबर को लातेहार के बनवारी साहू महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया था। इस उत्सव में कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम विजेता को प्रमंडलीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला था।

## न्यूज बॉक्स

### छात्राओं को कंबल मिला

**महुआडांड़।** एसडीएम विपिन कुमार दुबे के निर्देश पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय महुआडांड़ में जिले से आये 200 कंबल मंगलवार शाम अनुमंडल नजीर राजेश नागेशिया और सुनील कुमार द्वारा आवासीय विद्यालय में रह रही छात्राओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर व डेन सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### मुखिया का एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यलय सभागार में मंगलवार को पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशीला बागे की अध्यक्षता मे गव्य विकास के तहत ग्राम पंचायत मुखिया का एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित हुए। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशीला बागे द्वारा गव्य विकास से संचालित सभी योजनाओं को बारी-बारी से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ में सभी मुखिया को गाय पालन से लाभ के बारे में सभी किसानों को जागरुक और प्रेरित करने के संबंध में बताया गया। साथ ही पशु जनगणना शुरू करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत के सभी मुखिया सहित डॉ. बिनोद बैठा उपस्थित थे।

### बीसीए सीनियर 68 रन से जीता

**गिद्धौर (चतरा)।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में मंगलवार को बीसीए सीनियर बनाम इलेवन ब्रदर्स चतरा के बीच मैच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीए सीनियर ने निर्धारित 30 ओवर में आठ विकेट खो कर 228 रन बनाया। सौरभ कुमार ने लीग का पहला शतक लगाया। सौरभ कुमार ने 81 बॉल में 114 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी इलेवन ब्रदर्स चतरा की टीम ने 30 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 160 रन ही बनाया। इस प्रकार बीसीए सीनियर ने 68 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सौरभ कुमार को दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया गया स्वेटर का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच समाजसेवी रामकिशुन गंझू, सेविका उषा देवी,वार्ड सदस्य मीना कुमारी ने संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण मंगलवार को किया। रामकिशुन गंझू ने कहा कि स्वेटर वितरण योजना बहुत ही सराहनीय योजना है। आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाई करने वाले नवनिहाल बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। बच्चे एक जैसा स्वेटर पहनकर आते हैं तो काफी अच्छे लगते हैं। साथ ही ठंड में स्वेटर से इन्हें राहत भी मिलेगी। उन्होंने सभी अभिभावकों को प्रत्येक दिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने का आग्रह किया। वंही इस कड़कड़ाती ठंड में स्वेटर मिलने से अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका उषा देवी व अन्य मौजूद थे।

### पुलिस ने अवैध पशु लदे कंटेनर को किया जब्त, चालक गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया मोड़ के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को अवैध रूप से पशु (काड़ा) ले जा रहे एक कंटेनर को जब्त कर चंदवा थाना को सौंप दिया। कंटेनर में 30 पशु (काड़ा) लोड है। पुलिस ने कंटेनर चालक प्यारे खान उर्फ राजु शेरघाटी (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने लुकुइया मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान उन्होंने एक कंटेनर को जांच के लिए रोका। जांच के क्रम में कंटेनर में 30 पशु (काड़ा) लोड था। जब्त पशुओं को उड़ीसा से यूपी ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब्त पशुओं को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


### सुशासन सप्ताह का आयोजन

**लातेहार।** सुशासन सप्ताह के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर सखी मंडल की दीदियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस के तहत मंगलवार को लातेहार के नेवाड़ी पंचायत में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बैंक अकाउंट ओपनिंग और आधार कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। लोगों को सुशासन सप्ताह के बारे में जानकारी दी गई। सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 19 सितंबर से 24 सितंबर तक जिले के सभी प्रखंड स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिला में सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। आयोजित जागरूकता शिविर में लोगों के बीच शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार के संबंध में जानकारी दिया जाएगा।

### उप स्वास्थ्य केंद्र में बिजली, बेबी कॉर्नर और डेंटल चेयर लगाने का प्रस्ताव पास

**गिद्धौर (चतरा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री अस्पताल रख रखाव योजना को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पर प्रमुख अनीता यादव ने की। बैठक में मुख्यमंत्री अस्पताल रख रखाव योजना के तहत कई प्रस्ताव पास किया गया। पास किए गए प्रस्ताव में प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, बेबी कॉर्नर उपलब्ध करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल चेयर लगाने,स्वास्थ्य केंद्र का रंग रोगन करने के साथ-साथ बागवानी को दुरुस्त रखने की प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही कोई भी उपकरण का 10 वर्ष हो गया हो या खराब पड़ा, उपकरण की सूची बनाकर जिला में भेजने का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुमित कुमार जायसवाल, डॉ. कुमारी अंजली भगत, बीपीएम सहित शामिल थे।

### ईश्वर जो चाहता है वह हो कर रहेगा : बिशप थियोडोर



**महुआडांड़।** नाजरेथ की धर्म बहनों ने महुआडांड़ प्रखंड के साले गांव में अपने आगमन का स्वर्ण जयंती मनाया। नजरेथ धर्म बहने 1974 में पहली बार साले गांव में आई थीं। तब से आज तक उन्होंने संत माईकल विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए अपना पूर्ण योगदान दिया है। इस शुभ दिन की शुरूआत ईश्वर को धन्यवाद किया गया। इससे पहले विद्यालय के सभी विद्यार्थी व शिक्षक बिशप थियोडोर को पूरे जोर-शोर से नृत्य गान करते हुए अपने यहां स्वागत किया । पूजा बलिदान में उन सभी दिवंगत धर्म बहनों एवं पुरोहितों की आत्माओं को याद किया गया, जो सबसे पहले साले जैसे गांव में आ कर काम किया। बिशप थियोडोर ने अपने संदेश में बताया कि ईश्वर जो चाहत है वह हो कर रहता है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता है। हमे हमेशा अपने प्रार्थनाओं द्वारा उसकी जो योजना हमारे लिए है उसे जानने की कृपा मांगने की जरूरत है। उन्हें उपस्थित अभिभावकों से कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी संस्कार दें। शिक्षा और संस्कार बच्चे विद्यालय में सीखते हैं, लेकिन उसका प्रैक्टिकल वह अपने परिवार में देखते हैं, इसलिए अपने परिवार में अच्छी वातावरण बना कर रखें। मौके पर डालटनगंज धर्मप्रांत के बिशप थियोडोर के साथ धर्मप्रांत के फादर संजय गिद्ध, पुरोहित, धर्मबंधु, नाजरेथ धर्म समाज की धर्म बहन संत माईकल विद्यालय के शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

# दिव्यांग मां-बेटे को आज तक नहीं मिली मूलभूत सुविधाएं



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत चमडू ग्राम नोवासी स्व.गेंदरु लोहरा की पत्नी नेमनी लोहराइन और उसका पुत्र 24 वर्षीय पुत्र छटू लोहरा दोनों मां बेटा दिव्यांग हैं. जिन्हें आज तक किसी भी तरह का सरकारी सहायता नही मिला है। जबकि सरकार की ओर से दिव्यंगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिला से लेकर प्रखंड व पंचायत ग्राम में लगातार अभियान चलाया जाता है ।वही इसके प्रचार प्रसार में सरकार काफी रुपया खर्च कर रही है ।परंतु आज भी ऐसे भयत से दिव्यांग सरकारी लाभ से वंचित हैं। चमडु ग्राम के ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है। कि गांव के नेमनी लोहराईन तथा इसके पुत्र छटू लोहरा को आज तक दिव्यंगता का कोई सहयोग सरकार द्वारा या किसी अन्य के द्वारा लाभ मुहैया नही कराया गया है। साथ ही बताया जाता है। कि मां बेटे काफी गरीब परिवार से हैं ।जो खाने पीने तथा अन्य चीजों के लिये दूसरों पर निर्भर हैं ।जो जीविकोपार्जन के लिये अनेको समस्याओं से झुझते हुए जीवन निर्वाहन कर रहें हैं ।उसके बावजूद सरकारी महकमे के अधिकारियों का या कोई भी जनप्रतिनिधियों का इनकी ओर ध्यान आकृष्ट नही हो रहा है। परन्तु दिव्यांग मां बेटा दोनों कोई सरकारी लाभ पाने के लिये बाट जोह रहे हैं। वही ग्रामीणों ने ये भी बताया कि माँ बेटा दोनो दिव्यांग होने के साथ अनाथ हैं ।जिनका आज तक कोई मददगार सामने नही आया जिसे सरकारी तंत्र के माध्यम से दिव्यांग परिवार को लाभ मिल सके आखिर ऐसे मामले को लेकर कौन दोषिवार है ।या फिर इन सब मामलों में भी बिचौलिया हावी हैं ।जिसे उचित लोगों को सरकारी लाभ नही मिल पा रहा है। इन सब बिंदुओं को लेकर कई सवाल उठ रहा है। जिसे नेमनी और छटु जैसे अनेको दिव्यांगों को कब तक सरकारी सहायता प्रदान किया जायेगा ।जिसका कोई निश्चित नही है।

### बीडीओ की अगुवाई में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई, कहा

# विकास योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें पीएम आवास , मनरेगा , कल्याण पशुपालन , स्वास्थ्य , बाल विकास परियोजना सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह से लापरवाही स्वीकार्य नहीं है साथ उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा वितरण किया जा रहे हैं। साइकिल में गुणवत्ता की शिकायत मिल रही है जिसे अभिलंब दूर कराया जाए नहीं तो दोषी पर करवाई तय है। इस दौरान उन्होंने अपूर्ण मनरेगा, अबू आवास, पीएम आवास योजना को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा करने का निर्देश दिया है। मौके पर मुखिया कइली उरांव, सुमंती तिग्गा, परमेश्वर महली, सुमित उरांव धनेश्वरी उरांव सहित सभी विभाग की अधिकारी मौजूद थे।

# डालसा सचिव ने जिले में कार्यरत सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभाकक्ष में 17 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार ने जिले में कार्यरत सभी पीएलवी के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें पूर्व में आयोजित सभी कार्यक्रम और निदेर्शानुसार पीएलवी के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही झालसा, रांची के द्वारा आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि झालसा, रांची के निदेर्शानुसार चयनित 16 पंचायत में पीएलवी की नियुक्ति की गई है। जो अपने कार्यक्षेत्र में लोगों के बीच कानूनी जागरूकता फैलाने के साथ उनकी मदद करेंगे। उन्होंने सभी नवचयनित पीएलवी को ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की बात कही। वहीं उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पीएलवी को झालसा के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने की बात कही। वहीं उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन हेल्पलाइन नंबर पर एक बार जरूर कॉल करें और जानने का प्रयास करें कि यह काम करता है या नहीं। उन्होंने झालसा, रांची द्वारा शुरू किए गए 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पीएलवी के द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगों के बीच कानून से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पीएलवी एक दूसरे के सहयोग से कार्य को पूरा करेंगे। आप अपने क्षेत्र में अपने लोगों से अच्छे से जुड़ सकते है। जिससे आपको कार्य करने में सुविधा होगी। कहा कि नुक्कड़ नाटक लोगों में जागरूकता लाने के लिए अच्छा माध्यम है। नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों में जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर नेमहंती मिंज, रवि लोहरा, गौतम लेनिन, रोहित कुमार, शाहिद हुसैन, छाया देवी, दीपक कुमार, इजहार अहमद, दुखिता मिंज, अशोक यादव, प्रियांशु यादव, मंजू खाखा, पुनू देवी, सीमा कुमारी, जितनारायण साही, बबलू सिंह, देवमनी कुमारी सहित अन्य पीएलवी उपस्थित थे।


**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**

पत्रांक. 282/DAM लोहरदगा, दिनांक 17/12/2024

**निविदा संख्या - 01/2024-25**
**अति अल्पकालीन निविदा**

जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों हेतु मेडिकल सामग्री एवं कार्यालय उपयोग हेतु अन्य जरूरी सामग्री की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निमार्ताओं / उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 27.12.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या उनके अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.12.2024 के अपराह्न 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालय अवधि में जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक का रू0 1000/- (एक हजार रू० मात्र ।) का ड्राफ्ट DISTRICT HEALTH SOCIETY, LOHARDAGA के नाम से जमा कर दिनांक 17.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 के संध्या 04:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं की जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 24/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 10.12.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 341704 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 342219 (Rural Work Department) 24-25 (D)


## जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 18 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन,लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक 22 दिसंबर को

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव की समीक्षा 22 दिसंबर दिन रविवार को 11:00 बजे आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड लोहरदगा में होगी। समीक्षा बैठक में केंद्र के सभी पदाधिकारी जो लोहरदगा में निवास करते हैं। जिला के सभी पदाधिकारी ,जिला के अलग-अलग इकाइयों के सभी पदाधिकारी यथा महिला मोर्चा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा युवा मोर्चा नगर के अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष सचिव प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव सभी प्रखंडों के प्रभारी ,जिला के प्रभारी सह प्रभारी इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे इस बैठक के बाद आजसू अपने आगे की रणनीति पर चर्चा करेगी। अतः इस बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी आजसू पार्टी सागर वर्मा ने दी।

## इंटरनेशनल गीता ओलम्पियाड में ब्रजेश पाठक को राज्यस्तर पर प्रथम स्थान



**लोहरदगा।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा वर्ष 2024 में आनलाइन माध्यम से आयोजित इण्टरनेशनल गीता ओलम्पियाड् में लोहरदगा जिले के ब्रजेश पाठक को कर्नाटक राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो इस इण्टरनेशनल गीता ओलम्पियाड् की परीक्षा 14 एवं 15 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से आनलाइन माध्यम से ली गई थी। इसके लिए 04 जनवरी 2024 से ही पंजीकरण प्रारम्भ कर दिया गया था। पंजीकरण चार स्तर पर किया गया था - पार्थस्तर, कृष्णस्तर, अर्जुन स्तर और केशवस्तर। ब्रजेश पाठक ने 20 मिनट 19 सेकेण्ड में सभी प्रश्नों के सही उत्तर देकर 100 में से 100 अंक प्राप्त किए तथा कर्नाटक राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके जिले को गौरवान्वित किया है। 16 दिसम्बर 2024 को केन्द्रीयसंस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीराजीव गांधी परिसर, श्रृंगेरी कर्नाटक के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने ब्रजेश को स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद्भगवद्गीता प्रदान करके सम्मानित करते हुए कहा कि अब आप गीता के प्रामाणिक विद्वान् हो गए हैं। इस मौके पर सह निवेदक प्रो.चन्द्रकान्त, गीता ओलम्पियाड के कोर्डिनेटर डा. हरिप्रसाद के., ज्योतिषविद्याशाखासमन्वयक डा. विजयानन्द अडिग समेत विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## जैविक खेती के माध्यम से खेती करें किसान : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय रब्बी फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, बीडीओ संग्राम मुर्मु,प्रभारी कृषि पदाधिकारी त्रिवेनी भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया. जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि जैविक खाद के माध्यम से खेती करें और खेतों में मात्रा अनुसार केंचुआ खाद डाले और समय समय पर खेत की मिट्टी जांच कराते रहें. जिससे खेत की उर्वरा शक्ती बनी रहे. कहा कि रबी का फसल दिसंबर और जनवरी माह में होता है. इस समय किसान गेहूं, सरसो, मटर, चना,मूंग,मसूर,आदि की खेती करते हैं.जिसे आर्थिक लाभ के लिये किसान प्रखंड क्षेत्र में रवि फसल को बढायें।

## समिति ने चार यूनिट रक्तदान किया

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा तीन मरीजों को चार यूनिट ब्लड दिया गया। जानकारी के अनुसार अग्रसेन पथ निवासी मरीज क्रिस्टोफर सोरेन पिता स्वर्गीय सिमोन सोरेन स्थानीय किरण मरांडी क्लीनिक, बड़की चापि दुबांग निवासी महादेव भगत तथा मिशन चौक निवासी आनंद कुमार सदर अस्पताल में इलाजरत थे। डॉक्टर ने तीनों को खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी खोज बिन के बाद समिति से संपर्क किया। समिति के पहल पर समिति सदस्य क्रमशः सोनू राजकुमार एवं सूरज यादव,जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा जात-पात धर्म से ऊपर उठकर पीड़ितों की सेवा ही हमारा लक्ष्य है। पीड़ितों के दुख को दूर करने में जो खुशी मिलती है वैसा खुशी किसी और में नहीं मिलती ' जीवन महतो ने कहा किसी भी जीव के लिए जल जीतना जरूरी होता है।


**समाहरणालय, लातेहार**
**(भू–अर्जन शाखा)**

**समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना**
**(देखें नियम 6 का उप–नियम(1)**

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** हेतु ग्राम–राजबार चादर–I में भूमि का रकबा–**297.62** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–**राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** मौजा–राजबार अंचल–बालुमाथ जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–राजबार चादर–I थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 431 | राजबार चादर –I | 114 | 873 (P) | टांड़ दो | 1.90 | 1.00 | लाला उरॉव, पिता–लंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | लाला उरॉव, पिता–लंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– विफा उरांव दक्षिण– जीतु उरांव |
| 432 | राजबार चादर –I | 114 | 963 | टांड़ दो | 0.12 | 0.12 | लाला उरॉव, पिता–लंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | लाला उरॉव, पिता–लंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– रामजीत उरांव दक्षिण– नदी |
| 433 | राजबार चादर –I | 115 | 312 | धान दो | 0.11 | 0.11 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– कैला उरांव |
| 434 | राजबार चादर –I | 115 | 313 | टांड़ दो | 0.42 | 0.42 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– कैला उरांव |
| 435 | राजबार चादर –I | 115 | 335 | टांड़ एक | 1.25 | 1.25 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– रमेश्वर दक्षिण– लुरका |
| 436 | राजबार चादर –I | 115 | 336 | टांड़ एक | 0.28 | 0.28 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– लुरका दक्षिण– रास्ता |
| 437 | राजबार चादर –I | 115 | 337 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.10 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– दक्षिण– |
| 438 | राजबार चादर –I | 115 | 392 | टांड़ दो | 0.45 | 0.45 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– करमा दक्षिण– निज |
| 439 | राजबार चादर –I | 115 | 397 | टांड़ दो | 1.15 | 1.15 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– जीतु उरांव दक्षिण– गेन्दरा उरांव |
| 440 | राजबार चादर –I | 115 | 410 | धान दो | 0.51 | 0.51 | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | लूरका उरॉव, पिता–टिपना उरॉव एक अंश, व कईला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता– एतवा उरॉव दो अंश समान व भोला उरॉव, पिता–मोगा उरॉव तीन अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– लाल प्रदीप नाथ सहदेव दक्षिण– जीतु उरांव |
| 441 | राजबार चादर –I | 118 | 827 | टांड़ दो | 0.83 | 0.83 | शिबु उरॉव, पिता–जतरू उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैयाखाड़ | शिबु उरॉव, पिता–जतरू उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैयाखाड़ | उत्तर– टीपन उरांव दक्षिण– बासुदेव उरांव |
| 442 | राजबार चादर –I | 118 | 840 | धान दो | 0.07 | 0.07 | शिबु उरॉव, पिता–जतरू उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैयाखाड़ | शिबु उरॉव, पिता–जतरू उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैयाखाड़ | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– गेन्दरा उरांव |
| 443 | राजबार चादर –I | 120 | 480 (P) | धान दो | 1.26 | 1.21 | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– टीराव मोची |
| 444 | राजबार चादर –I | 120 | 481 (P) | टांड़ दो | 0.65 | 0.01 | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– जैपाल मोची दक्षिण– निज |
| 445 | राजबार चादर –I | 120 | 771 | टांड़ तीन | 0.31 | 0.31 | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– निज |
| 446 | राजबार चादर –I | 120 | 772 | टांड़ तीन | 1.05 | 1.05 | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | जतरू महतो, शुटा महतो वो वंशी महतो वो शंकर महतो, पिता–सहादेव महतो अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– सिवाना रेंची |
| 447 | राजबार चादर –I | 124 | 679 | धान दो | 0.76 | 0.03 | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | उत्तर– नदी दक्षिण– मंगरा उरांव |
| 448 | राजबार चादर –I | 124 | 683 | टांड़ दो | 1.05 | 1.05 | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | उत्तर– मंगरा उरांव दक्षिण– मंगरा उरांव |
| 449 | राजबार चादर –I | 125 | 758 (P) | टांड़ दो | 4.34 | 1.60 | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | साधु उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला टोगरी | उत्तर– जगदेव उरांव दक्षिण– पुरानी परती |
| 450 | राजबार चादर –I | 127 | 749 (P) | टांड़ दो | 2.13 | 0.54 | सुकरी उराईन, पिता–जगदेव उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोगरी | सुकरी उराईन, पिता–जगदेव उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–टोगरी | उत्तर– चंदु उरांव दक्षिण– रामधनी उरांव |
| 451 | राजबार चादर –I | 129 | 974/ 1272 (P) | टांड दो | 0.34 | 0.27 | सोनू उरॉव वो जीतू उरॉव, वो दुठा उरॉव, पिता–सुकरा उरॉव तीन अंश, व जगलू उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव एक अंश, व मोसमात लुटकी पति–वोलिया उरॉव एक अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | सोनू उरॉव वो जीतू उरॉव, वो दुठा उरॉव, पिता–सुकरा उरॉव तीन अंश, व जगलू उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव एक अंश, व मोसमात लुटकी पति–वोलिया उरॉव एक अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– नदी दक्षिण– महावीर उरांव |
| 452 | राजबार चादर –I | 132 | 975/ 1283 (P) | टांड दो | 7.98 | 4.70 | सोनू उरॉव वो जीतू उरॉव, वो बुधुआ उरॉव, पिता–सुकरा उरॉव तीन अंश, समान व जगलू उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव एक अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | सोनू उरॉव वो जीतू उरॉव, वो बुधुआ उरॉव, पिता–सुकरा उरॉव तीन अंश, समान व जगलू उरॉव, पिता–मंगरा उरॉव एक अंश, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम | उत्तर– जीतु उरांव दक्षिण– विफा उरांव |
| 453 | राजबार चादर –I | 133 | 284 | टांड दो | 0.22 | 0.22 | सोमर उरॉव, पिता–चखा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला हरैयाखाड़ | सोमर उरॉव, पिता–चखा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला हरैयाखाड़ | उत्तर– पईन दक्षिण– सोमर उरांव |
| 454 | राजबार चादर –I | 133 | 285 | टांड दो | 0.26 | 0.26 | सोमर उरॉव, पिता–चखा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला हरैयाखाड़ | सोमर उरॉव, पिता–चखा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला हरैयाखाड़ | उत्तर– पईन दक्षिण– वीरबल उरांव |
| | | कुल– | | | | 297.62 | | | |

सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का प्रतिवेदन अध्याय II के अन्तर्गत धारा–4(4) उपधरा (1) में निर्दिष्ट सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के अन्तर्गत अन्य मामलो में निम्नलिखित सम्मिलित होगे, अर्थात

(क) इस बात का निर्धारण कि क्या प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है
(ख) प्रभावित कुटबों का और उनमें से उन कुटंबों की संख्या का प्राक्कलन जिनके विस्थापित होने की संभावना है,
(ग) ऐसी सार्वजनिक प्राईवेट भूमि, मकानों, बन्दोबस्तों और अन्य समान संपतियॉ की सीमा, जिनके प्रस्तावित अर्जन से प्रभावित होने की संभावना है।
(घ) क्या अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा उस परियोजना के लिए पूर्णतया यर्थाथ न्यूनतम सीमा तक की ही है,
(ड़.) क्या किसी आनुकल्पिक स्थान पर भूमि का अर्जन किए जाने पर विचार किया गया है और उसे साध्य नहीं पाया गया है,
(च) परियोजना के सामाजिक समाघातों तथा उनको ठीक करने की प्रकृति और खर्च तथा इन खर्चो का परियोजना के समग्र खर्च पर परियोजना के फायदों की तुलना में समाघात के अध्ययन :

परन्तु पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अध्ययन यदि कोई हो, साथ–साथ किया जाएगा और यह सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के पूरा होने पर निर्भर नहीं करेगा।

(5) समुचित सरकार, उपधारा (1) के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का कार्य हाथ में लेते समय अन्य बातों के साथ उप समाघात पर विचार करेगी जो कि परियोजना से विभिन्न घटकों पर जैसे कि प्रभावित कुटंबों की जीविका सार्वजनिक और सामुदायिक, सम्पतियॉ, आस्तियों, तथा अवसंरचना, विशिष्टतया, सडकों, लोक परिवहन, जल–निकास स्वच्छता, पेयजल के स्त्रोतो, पशुओं के लिए जल के स्त्रोतो, सामुदायिक, जलाशयों, चरागाह भूमि, बागानों, जन सुविधाओं पर जैसे कि डाकघर उचित दर दुकाने खाद्य भंडारण गोदाम, विधुत प्रदाय, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाए विद्यालय और शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण सुविधाए, आंगनबाडी, बाल उद्यान पूजा स्थल पारम्परिक जनजातीय संस्थाओं और कब्रस्थान तथा शमशान घाट के लिए भूमि पर पडने की संभावना है।

(6.) समुचित सरकार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने वाले प्राधिकारी से उपधारा (5) में निर्दिष्ट किसी विनिर्दिष्ट घटक के लिए समाघात को ठीक करने के लिए अपनाए जाने वाले अपेक्षित सुधारक उपायों को सूचीबद्ध करते हुए एक सामाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार करने की अपेक्षा कर सकेगी और ऐसे उपाय, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की उस प्रभावित क्षेत्र में प्रवर्तित किसी स्कीम या कार्यक्रम के अधीन जो कुछ उपलब्ध कराया गया है उससे कम नही होगे।

धारा–5 जब कभी धारा 4 के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण तैयार करने हेतु समुचित सरकार लोक सुनवाई के लिए तारीख, समय और स्थान के बारे में पर्याप्त प्रचार करने के पश्चात् प्रभावित कुटुबों के मतो का सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट में अभिलिखित और सम्मिलित किया जाना अभिनिश्चित करने के लिए प्रभावित क्षेत्रा में लोक सुनवाई के किए जाने को सुश्चित करेगी।

धारा–6(1)समुचित सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट तथा धारा–4 की उपधारा(6) में निर्दिष्ट समाजिक समाघात प्रबंध योजना तैयार की जाए और यथास्थिति, पंचायत नगरपालिका या नगर निगम को तथा जिला कलक्टर, उपखंड मजिस्ट्रेट और तहसील कार्यालयों में स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाए और प्रभावित क्षेत्रों में ऐसी रीति में जो विहित की जाए प्रकाशित की जाए और समुचित सरकार की वेबसाईट पर अपलोड की जाए।

**एस0आई0ए0 की अधिसूचना के लिए नियम 6 का उप नियम (i) शामिल होगे।**

I परियोजना का नाम, प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण और अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार परियोजना क्षेत्र और एस0आई0ए0 द्वारा आच्छादित प्रभावित क्षेत्र।
II एस0आइ0ए0 के प्रमुख उदेश्य और मुख्य क्रियाकलाप जिसके अन्तर्गत है (क) परामर्श (ख) सर्वेक्षण (सर्वे) (ग) लोक सुनवाई / सुनवाईयॉ।
III एस0आइ0ए0 के लिए टाईमलाईन और अंतिम परिदेय (एस0आइ0ए0प्रतिवेदन और एस0आई0एम0पी0) साथ ही उनके प्रकटीकरण की रीति को विनिर्दिष्ट किया जाएगा।
IV यह कथन कि इस अवधि के दौरान प्रपीडन अथवा भय उत्पन्न करने की कोई कोशिश हुई है तो यह इसे अकृत और शून्य कर देगा।

यह अधिसूचना भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा 4 एवं नियमावली 2015 की अध्याय III के नियम 6 के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 342200 Land Reforms(24-25)#D

## न्यूज बॉक्स

### गुमला में कल से 24 दिसंबर तक 'सुशासन सप्ताह', गांव-गांव पहुंचेगा प्रशासन

**गुमला।** गुमला जिले में 19 से 24 दिसंबर 2024 तक 'सुशासन सप्ताहः प्रशासन गांव की ओर' अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक सुशासन को सुलभ बनाना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार इस अभियान के दौरान जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शून्य ग्रीवांस का लक्ष्य रखते हुए, प्रशासनिक अधिकारी मौके पर ही समस्याओं के निराकरण की दिशा में कार्य करेंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच के नटवरलाल अग्रवाल ने किया रक्तदान



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य नटवरलाल अग्रवाल ने एक नाजुक बच्ची की जान बचाने के लिए ओ पॉजिटिव रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने में करना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में हीमोग्लोबिन का संतुलन बना रहता है और हार्ट फेलियर तथा हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन संगीता कुजूर, रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

### समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने आपात स्थिति में किया रक्तदान, कई लोगों की बचाई जान



**गुमला।** समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपने मित्र सुरेंद्र प्रसाद साहू (शास्त्री नगर, गुमला निवासी) को आपात स्थिति में रक्तदान कर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 6 दिसंबर के बाद अचानक हुए एक्सीडेंट के चलते रांची स्थित हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए तीन यूनिट रक्त की सख्त आवश्यकता थी। अशोक त्रिपाठी ने बिना विलंब किए तुरंत एक यूनिट रक्तदान कर अपना कर्तव्य निभाया। अशोक त्रिपाठी ने बताया कि विज्ञान के अनुसार साधारण भोजन से 24 से 72 घंटे में रक्त पुनः बन जाता है, इसलिए रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। डॉक्टरों ने जांच के बाद उनकी सराहना करते हुए कहा कि उनका प्लेटलेट स्तर बहुत अच्छा है और ब्लड प्रेशर भी 120/80 है, जो 20-25 साल के युवा वर्ग में देखने को मिलता है। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि ऐसे स्वस्थ शरीर वाले लोगों को कभी गंभीर बीमारियां नहीं होती हैं।

### डीएसपी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला शहर के डीएसपी रोड में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। इस बीच, घायल व्यक्ति अस्पताल से निकलकर कहीं चला गया। कुछ देर बाद, गुमला थाना की पेट्रोलिंग पुलिस उसे फिर से अस्पताल लेकर आई। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति जशपुर रोड में गिरा पड़ा था और संभवतः एक वाहन द्वारा टक्कर मारकर वहां से फरार हो गया था। घायल व्यक्ति अपनी पहचान नहीं बता पा रहा है और उसकी उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस उसकी पहचान करने और परिजनों को सूचित करने का प्रयास कर रही है। इस हादसे से आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की जा रही है।

### मान्दर को जीआई टैग दिलाने की तैयारियों में तेजी, उपायुक्त ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**गुमला।** मान्दर को भौगोलिक संकेतक टैग दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आज गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ऑनलाइन बैठक की। आगामी 20 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मान्दर के ळक्तटैग के लिए फाइनल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया जाएगा। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और रायडीह मान्दर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मान्दर को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से प्रेजेंटेशन स्थल तक पहुंचाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने जिला उद्यमी समन्वयक को मान्दर की बेहतर पैकेजिंग के साथ समय पर भेजने की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही प्रेजेंटेशन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए और अन्य सामग्रियों को और बेहतर करने का निर्देश दिया। इसके लिए विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी।

### महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को किया गया सम्मानित

**लोहरदगा।** महाविद्यालय की बहन राधिका कुमारी ने प्रमंडल स्तरीय युवा सम्मेलन जो दिनांक 16/12/2024 को रांची में आयोजित हुआ था उसमें आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे लोहरदगा का नाम रोशन किया, जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में राधिका कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, किरण कुमारी ने कहानी लेखन में प्रथम, रूपरानी कुमारी ने एकल गीत में द्वितीय स्थान और सपना भारती ने फोटोग्राफी में तृतीय स्थान प्राप्त किया थो वही दूसरी ओर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कैरो में आयोजित लोहरदगा संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 100 मीटर दौड़ में नैंसी उरांव ने प्रथम स्थान व रेशमी कुमारी ने द्वितीय स्थान, 100 मीटर दौड़ में आकाश उरांव ने प्रथम स्थान, पवन उरांव ने द्वितीय स्थान व आशीष लकड़ा, तृतीय स्थान, लिंबी कूद में आकाश उरांव, अमन टोप्पो व तृतीय स्थान आशीष उरांव ने प्राप्त किया।

## मिर्गी के मरीजों के लिए जागरूकता अभियान और किया जा रहा है निशुल्क इलाज

**गुमला।** गुमला जिले में प्रोजेक्ट आशा के अंतर्गत मिर्गी (एपिलेप्सी) के मरीजों के उपचार और जागरूकता के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त की पहल पर जिले में अब तक 800 से अधिक मिर्गी मरीजों का निःशुल्क इलाज चल रहा है, और डॉक्टर्स नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप कर रहे हैं। इस अभियान के तहत आज दिल्ली अक्क्टर के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के 100 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को मिर्गी के लक्षण, उपचार की पद्धति, और चिकित्सा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मिर्गी के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा और देखभाल प्रदान करना है।उपायुक्त का उद्देश्य जिले में मिर्गी के प्रति संपूर्ण जागरूकता फैलाना और सभी मरीजों तक निःशुल्क उपचार की सुविधा सुनिश्चित करना है। इसके लिए दिल्ली अक्क्टर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की देखरेख में जिले में नियमित जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रोजेक्ट आशा के माध्यम से गुमला जिले में मिर्गी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता के साथ ही मरीजों को उपचार का आसान और सुलभ माध्यम मिल रहा है।

# भरनो लैंपस लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

## किसानों को मिलेगा लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

मंगलवार को भरनो प्रखंड के स्कूल चौक स्थित भरनो लैंपस लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, समाजसेवी भोला प्रसाद केशरी, सचिव देवराज सिंह, और मंदीप महली द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस उद्घाटन के साथ ही भरनो प्रखंड के किसानों को लाभ मिलने का रास्ता प्रशस्त हुआ, क्योंकि अब वे इस केंद्र में अपने पंजीकृत धान को सरकारी दर पर बेच सकेंगे।

**केंद्र का संचालन और खरीदारी**

प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा की धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुल जाने से यहां के किसानों को काफी सुविधा और लाभ होगा। वे इस केंद्र में अपना धान सुरक्षित रूप से बेच सकेंगे। केंद्र के सचिव देवराज सिंह ने बताया कि पहले ही दिन एक किसान से 30 क्विंटल धान की खरीदारी की गई। उन्होंने बताया कि पंजीकृत किसानों से प्रति क्विंटल 2400 ? के हिसाब से धान खरीदा जा रहा है।

**उपस्थितिः**

इस उद्घाटन समारोह में भदवा उरांव, विश्वनाथ उरांव सहित अन्य किसान और स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। इस केंद्र के खुलने से भरनो प्रखंड के किसानों को उनके कृषि उत्पादों को सही मूल्य पर बेचने का अवसर प्राप्त होगा, जो उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार में मदद करेगा।

### संकुल स्तरीय खेल कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये भैया बहनों को किया गया. विद्या भारती योजना अनुसार संकुल स्तरीय खेल कूद का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में संपन्न हुआ.जिसमे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के भैया बहनों का शानदार प्रदतशन रहा.खेल कूद प्रतियोगिता में विभिन्न यरह का खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया था.जिसमे विद्यालय के 100 भैया बहन शामिल हुए थे.वही शिशु वर्ग में ऋतिक उरांव प्रथम व लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया,दीपिका कुमारी लंबी कूद में दीपिका कुमारी द्वितीय स्थान,बाल वर्ग में जगदीश उरांव को प्रथम व लंबी कूद में द्वितीय स्थान मिला,तथा 200 मीटर दौड़ में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया,400मीटर दौड़ में श्रिष्टि कुमारी द्वितीय स्थान,किशोर वर्ग में बहन अंशु कुमारी लंबी कूद में द्वितीय स्थान,मृत्युंजय कुमार साहू 100मीटर दौड़ में तृतीय स्थान, गोला फेंक में कक्षा दशम के अमृत मुंडा द्वितीय स्थान,400 मीटर दौड़ में शिवशंकर उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किया.वही विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न

◆ 384 अभ्यर्थियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले में चौकीदार नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता, दौड़ एवं साइकिल चालक की परीक्षा का दूसरा दिन आज नागफणी स्थित क्क्ष् कैंप ग्राउंड में संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे से शुरू हुई इस परीक्षा में 384 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 299 पुरुष और 85 महिलाएं शामिल थीं। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने आज नागफणी पहुंचकर परीक्षा का निरीक्षण किया और परीक्षा प्रक्रिया की पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**परीक्षा की अवधि और आयोजनः**

परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक जारी रहेगी। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और अभ्यर्थियों को सहूलियत प्रदान की जा रही हैं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से और निष्पक्ष रूप से आयोजित हो सके। उपायुक्त ने सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा की चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी।

**अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाः**

परीक्षा में भाग ले रहे अभ्यर्थियों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रसंशा की। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को सरल, सुविधाजनक और निष्पक्ष पाया। अगली परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने और हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकार, गुमला जिले में आयोजित हो रही चौकीदार नियुक्ति परीक्षा का दूसरा दिन सुचारू रूप से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया और परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

### गुमला में कृषि पदाधिकारी की क्लास

## 10वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के टिप्स



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को भरनो प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कानारोवा में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए क्लास का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार ने विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान और इंग्लिश विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आगामी फरवरी में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को बचे हुए समय का उपयोग करके अच्छी तैयारी करने और समय की पाबंदी पर ध्यान देने के टिप्स दिए।

कृषि पदाधिकारी ने यह भी बताया कि स्कूल में 8 विद्यार्थी ऐसे थे जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते थे। पिछले सप्ताह, शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के बाद चार विद्यार्थियों ने इस सप्ताह स्कूल आना शुरू कर दिया है, जो एक सकारात्मक पहलू है। उन्होंने सभी शिक्षकों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए क्लास लेने का निर्देश दिया।

इस दूरस्थ हाई स्कूल में मात्र चार शिक्षक हैं, जिनमें प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षक भी शामिल हैं, जो हाई स्कूल के छात्रों को पढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए, स्कूल के हेडमास्टर शिवराज उरांव और सभी शिक्षक मौके पर उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के दिलों में रहेंगे कमल किशोर भगत : आजसू

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व विधायक रहे स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि मनाई गई।उनकी प्रतिमा पर सैकड़ो कार्यकताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यकताओं ने कहा की कमल किशोर भगत झारखंड आंदोलन के सच्चे सिपाही, जन नेता एवं लोहरदगा के विकास के सपने को सच करने की पुरजोर कोशिश की। ये ऐसे नेता थे गरीबों के दुख दर्द को समझ कर उनका निराकरण करने की कोशिश करते थे । वह आदिवासियों के जल जंगल जमीन की मामला विधानसभा में पहली बार उठाने वाले सशक्त सजग एवं निडर नेता थे । श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि हमने अपना सच्चा साथी हमदर्द खोया है।

### झारखंड सरकार की विफलता पर भाजपा नेत्री शैल मिश्रा का आरोप

## राजधानी में बढ़ती छेड़खानी की घटनाओं पर चिंता जताई



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने झारखंड सरकार की बहन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलता पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने राजधानी रांची में एक स्कूली छात्रा के साथ घटित छेड़खानी की घटना को शर्मनाक बताया। शैल मिश्रा ने कहा की मनचलों पर पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया है और राज्य की सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पूरी तरह से मुंह चुरा रही है। राजधानी रांची में बेटियां पढ़ाई और रोजगार के लिए जाती हैं, लेकिन हाल के घटनाक्रमों से उनके माता-पिता और समाज में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। शहरों में स्कूल, कॉलेजों के आसपास नियमित पुलिस गश्त की कमी के कारण मनचलों का मनोबल बढ़ गया है। झारखंड पुलिस को पूरे राज्य में ऐसे संवेदनशील स्थानों की पहचान कर बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए। इस तरह की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार को सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भाजपा ने झारखंड सरकार से आग्रह किया है कि वह शीघ्र ही ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

### गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

## उपायुक्त ने 50 से अधिक नागरिकों की समस्याएं सुनी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 से अधिक नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आवेदक अपनी व्यक्तिगत, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उमा कुमारी (गुमला निवासी) ने ज्योग्राफी ऑनर्स में एमए की पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार में सहायता की मांग की। संजू कुमार उरांव (घाघरा प्रखंड) ने अपनी आर्थिक स्थिति और योग्यता के आधार पर नौकरी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

### सर्द हवा चलने से बढ़ी कनकनी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सर्द हवा चलने से कनकनी बढ़ गई है। ठंढ से बचाव के लिये लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं. ठंढ हवा चलने से मौसम सर्द हो गया है। ठंढ बढ़ने से लोग घर से निकलने के लिये परहेज कर रहे हैं।वही सुबह के समय विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में भी काफी परेशानी हो रही है। सुबह में ठंढ से कांपते हुए वाहन चलाने में भी दिक्कत होती है। दिन भर लोग गर्म कपड़ा पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही घर आंगन और चौक चौराहों में लोग अपने से अलाव का व्यवस्था कर बच्चे बूढ़े और जवान सभी लोग अलाव तापते दिखाई देते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 26/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 10.12.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 341707 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 342221 (Rural Work Department)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
रूपांकण प्रमंडल सं0–2, मेदिनीनगर

आम सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक 306 दिनांक 23.11.2024 द्वारा सर्व सूचित किया जाता है कि उत्तर कोयल भीम बराज परियोजना मोहम्मदगंज के अंतर्गत दायाँ मुख्य नहर एवं बायाँ का लाईनिंग का कार्य नवम्बर 2024 से शुरू किया जाना सूनिश्चित है। अतः दोनों नहर एवं कांडी वितरणी WAPCOS कम्पनी को नहर की लाईनिंग कार्य एवं कांडी वितरणी नहर निर्माण के लिए सौंप दिया गया है एवं सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि रबी अवधि के दोरान नहरों में पानी का संचालन नहीं किया जाएगा। इस परिस्थिति में यदि रबी फसल लगाते हैं तो उसकी सिंचाई की व्यवस्था स्वयं करेंगें।

कार्यपालक अभियंता
रूपांकण प्रमंडल सं0–2, मेदिनीनगर

PR 342245 District(24-25)#D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक
एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
E-mail- dwopalamu2020@gmail.com

आवश्यक सूचना

प्री–मैट्रिक (कक्षा–1 से 10) एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2023–24 एवं 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कल्याण विभाग ई–कल्याण पोर्टल पर आवेदन किये गये छात्र/छात्राओं का छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से भुगतान करने का आदेश प्राप्त है। छात्र/छात्राओं का खाता से आधार लिंक कराना अतिआवश्यक है। ऐसी स्थिति में खाता से आधार लिंक नहीं रहने पर भुगतान नहीं होता है तो इसकी सारी जवाबदेही छात्र/छात्राओं की होगी।

(भूतनाथ रजवार)
जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका

PR 342220 District(24-25)#D

समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)

सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारि तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित हो कर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र में बाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मेराल | मेराल | गेरूआ सोती | BC2 | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | मेराल | मेराल | हरिजन टोला रेजो | BC1 | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 3 | मेराल | मेराल | तिसर टेटुका भुईया टोला | SC | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 4 | मेराल | मेराल | उरॉव टोला लातदाग | ST | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 5 | धुरकी | धुरकी | गनियारीकला | ST | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 6 | धुरकी | धुरकी | खाला कच्छरवा | SC | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 8 | धुरकी | धुरकी | खुटिया मध्य | BC1 | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 9 | धुरकी | धुरकी | भण्डार उतर पश्चिम | BC1 | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 7 | धुरकी | सगमा | कटहर कला | ST | सहायिका | बुधवार 08.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 10 | भवनाथपुर | खरौंधी | प्रा0 वि0 सिन्दुरिया | SC | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 11 | भवनाथपुर | खरौंधी | भुईया टोला मझिगॉवा | SC | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 12 | भवनाथपुर | खरौंधी | डुबवा टोला बनसानी | SC | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 13 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | बेल पहाड़ी | ST | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 14 | भण्डरिया | बड़गड़ | काला खजूरी | ST | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 15 | भण्डरिया | बड़गड़ | बड़गड़ | BC1 | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 16 | भण्डरिया | भण्डरिया | करचाली | BC1 | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 17 | भण्डरिया | बड़गड़ | मदगड़ी च | ST | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 18 | रंका | रंका | रानीचेरी | ST | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 का`पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 19 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | SC | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 20 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | SC | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 21 | रंका | रंका | मझिगॉवा–1 | BC1 | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 22 | रंका | रंका | गासेदाग–2 | SC | सहायिका | बुधवार 08.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 23 | रंका | चिनियॉ | बेलवादामर | BC1 | सहायिका | बुधवार 08.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 24 | रंका | चिनियॉ | रनपुरा | SC | सहायिका | गुरूवार 09.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 25 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | सुलसुलिया | GEN | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 26 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | उरॉवटोलाजंगीपुर | ST | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 27 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | गिद्धि सिद्धि | BC1 | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 28 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | मध्य विद्यालय चेचरिया | BC1 | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 29 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | हारादागकला | BC1 | सहायिका | बुधवार 08.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 30 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | ओड़ेया | BC1 | सहायिका | बुधवार 08.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 31 | मझिऑव | मझिऑव | खरसोता–3 | SC | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 32 | मझिऑव | मझिऑव | जिका–2 | BC1 | सहायिका | सोमवार 06.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 33 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | SC | सेविका | मंगलवार 07.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 34 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | SC | सहायिका | मंगलवार 07.01.2025 को अपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 35 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–2 | SC | सेविका | सोमवार 06.01.2025 को पूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |

PR.NO.342203 Welfare(24-25):D
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा।

## संपादकीय

# महिला वोट बैंक हैं या विकास की साझीदार

वोट बैंक की राजनीति में बिल्कुल नया प्रयोग है महिलाओं को लक्षित लुभावनी घोषणाएं। भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है। अब इस खेल के पुरानी खिलाड़ी केजरीवाल ने भी दांव खेला है। राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो किस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है। हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंता व्यक्त की हैं। बारी-बारी से सभी दल चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे हैं ऐसे में अब महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं? एक तरफ से छोटी रकम देकर दूसरी तरफ से वसूली जैसा मामला है।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर


ललित गर्ग

अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें

अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस (18 दिसंबर 2024)



कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'सुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# गरीब वर्ग के लिए बेहद लाभकारी है भारत की 'दान' संस्कृति

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों,


प्रह्लाद सबनानी

गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष्य में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है। साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है। आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवर लाल जिम्मेवार कौन

देश में महानगरों से लेकर गांव तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को


नरेंद्र भारती

सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ़ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई हैक्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं ' एक समाचार के अनुसार ताजा मामला ऊना में घटित हुआ है जहाँ दौलतपुर चौक में एक ए टी एम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रुपए निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा जो लोगों के पैसों को लूट रहे है। सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करे तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रह है। एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं। बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे है। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड़ जीम रहती है वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है ओर न ही बैंक के कर्मचारी होतें है। जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए। एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है। सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योंकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूट कर लाखों का चूना लगा रहें हैं। हिमाचल में सैंकड़ों मामले घटित हो चूके है मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे है मगर आज तक कोई पकड़ मे नहीं आ सका है। 2018 के फरवरी माह में उना के भटोली व मरवाड़ी में ठगी के दो मामलों में ठगों ने महिलाओं के एटीएम कार्ड बदल कर 2 लाख रुपये उड़ा लिए थे। अंब में एक फौजी का कार्ड बदल कर खाते से 2 लाख रुपये उड़ा लिए थे। जोगिन्द्र नगर में भी एसे ही मामले घटित हुए थे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर ऐसी वारदातें हो रही है मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

जिस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को अपना मित्र बनाया है, वह अपने मित्र के सुख के लिए, हानि अथवा बलिदान का विचार मन में लाए बिना, तथा मूल्य की गणना किए बिना, अपने स्वार्थी सुख अथवा निजी स्वार्थ को प्रसन्नतापूर्वक त्याग देता है।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना

वह चुम्बक है निःस्वार्थ भाव, पहले दूसरों के विषय में सोचना। ऐसे लोग बहुत ही कम होते हैं जो स्वार्थपरता से


श्री श्री परमहंस योगानंद

मुक्त हों। परन्तु व्यक्ति निःस्वार्थ भाव के इस गुण को आसानी से विकसित कर सकता है, यदि वह पहले दूसरों के बारे में सोचने का अभ्यास करे। आप अपने चरित्र से स्वार्थ और अन्य अप्रिय गुणों के धब्बों को हटाए बिना सच्चे मित्र आकर्षित नहीं कर सकते। मित्र बनाने की महानतम कला है, स्वयं दिव्य व्यवहार करना-आध्यात्मिक बनना, पवित्र बनना, निःस्वार्थी बनना।... जितनी अधिक आपकी मानवीय कमियाँ दूर होंगी और आपके जीवन में दिव्य गुण आएँगे, उतने ही अधिक आपके मित्र होंगे। सच्ची मित्रता परस्पर उपयोगी होने, विपत्ति में अपने मित्र को अच्छी सान्त्वना देने, दुःख में सहानुभूति, कष्ट में परामर्श तथा वास्तविक आवश्यकता के समय भौतिक सहायता करने में निहित है।... जिस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को अपना मित्र बनाया है, वह अपने मित्र के सुख के लिए, हानि अथवा बलिदान का विचार मन में लाए बिना, तथा मूल्य की गणना किए बिना, अपने स्वार्थी सुख अथवा निजी स्वार्थ को प्रसन्नतापूर्वक त्याग देता है। आपके और आपके ऐसे मित्रों के बीच चाहे कैसे भी मतभेद क्यों न हों, फिर भी परस्पर समझ और सम्पर्क सदा बने रहते हैं। ऐसे सम्बन्धों में दृष्टिकोणों में भिन्नता होने पर भी, आपका पारस्परिक सम्मान बना रहता है और सबसे ऊपर उठ कर आप अपनी मित्रता का पोषण करते हैं। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**वक्त महावत, वक्त गज, वक्त स्वयं असवार।**
**वक्त जहाँ गतिहीन है, वहीं थमा संसार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# सामाजिक विकृतियों को दर्पण दिखाता पंकज प्रियम का लघु कथा संग्रह 'अंगूठे की मौत'

शिवायन कार्यक्रम में भाई पंकज भूषण पाठक प्रियम द्वारा स्नेहिल उपहार के रूप में उनका लघु कथा


डॉ शोभा त्रिपाठी
लखनऊ।

संग्रह 'अंगूठे की मौत' प्राप्त हुआ। इस कृति को पढ़ने के उपरांत हृदय में कुछ लिखने की इच्छा हुई अतः अपने मन के भाव अभिव्यक्त कर रही हूँ। परंतु उससे पहले आइए लघु कथा को समझ लेते हैं। श्री बलराम अग्रवाल के अनुसार, एक टुकड़ा सा सच ,जो अपने आप में पूर्ण भी होता है बिना लाग- लपेट के रख दिया जाए और रोचक तथ्य और प्रामाणिकता के लिए कुछ जरूरी तत्व जोड़ लिए जाएं तो उसे लघु कथा समझे।

### लघु कथा की कुछ विशेषताएं इस प्रकार हैं :-

- लघु कथाएं छोटी होती हैं और एक बार में ही पढ़ी जा सकती हैं।
- लघु कथाओं में आमतौर पर एक या दो पात्र होते हैं और एक ही घटना का विस्तार किया जाता है।
- लघु कथाओं में कथानक, चरित्र चित्रण, और सेटिंग जैसे तत्व होते हैं।
- लघु कथाओं में रहस्य, रोमांस, विज्ञान कथा जैसी कई विधाएं शामिल हो सकती हैं।
- लघु कथाओं में भाषा तीखी और चुटीली और व्यंग्यपूर्ण होती है।
- लघु कथाओं में विषय, संघर्ष, दृष्टिकोण, रहस्य, पूवार्भास, और फ़्लैशबैक जैसी विशेषताएं भी होती हैं।
- लघु कथाओं का आकार अत्यंत छोटा होता है विद्वानों के अनुसार यदि उपन्यास एक हरा भरा पेड़ जिसमें फूल पत्तियां जड़ शाखाएं सब कुछ है, कहानी एक गमले में खिला हुआ फूल का पौधा है, तो लघु कथा मात्र एक खिला हुआ फूल है अतः इसमें लेखक को निरर्थक शब्द रखने की बिल्कुल भी संभावना नहीं होती है। लघु कथाओं में प्रतीकवाद का इस्तेमाल करके कहानी में गहराई और सूक्ष्मता जोड़ी जा सकती है। इस आधार पर देखें तो कथानक की पुष्टता,उसमें समन्वित भाव और उसमें समन्वित व्यंग्य यह लघु कथा के अनिवार्य अंग है, यदि कथाकार संप्रेषणीय ढंग से अपना व्यंग्य रखने में सक्षम हो गया है तो उसे निश्चय ही सफल कथाकार मानेंगे। भाई पंकज लिखते हैं, ‌अपने दैनिक जीवनचर्या, पत्रकारिता और सामाजिक जीवन के अनुभव पर बनी कहानी समाज का असली चेहरा दशार्ने के लिए पर्याप्त है ‌ भाई पंकज की पुस्तक में कुल 21 लघुकथाएं हैं। जिसमें अलग-अलग सामाजिक समस्याओं को उठाया गया है। पहली कथा 'ब्रेकिंग न्यूज' में टीआरपी के लिए समाज में जहर घोलने वाली मीडिया के कलुषित चेहरे का पदार्फाश किया गया है। इसी तरह 'अंगूठे की मौत' नामक कथा में मशीनीकरण के दौर में सिस्टम के फेल्योर होने पर मीडिया और सियासत द्वारा उसका पहलू किस प्रकार बदल दिया जाता है, इसकी कथा है। 'लोन' में अनुबंधित कर्मचारियों की व्यथा प्रकट की गई है कि किस प्रकार वह छोटे से लोन के लिए रोता और गिड़गिड़ाता है जो उसे प्राप्त नहीं होता। जबकि बैंकर बड़े-बड़े लोन देने के लिए व्यापारी लोगों की खुशामद करते हैं जिससे उनका टारगेट पूरा हो जाए। 'बड़ी खबर' में सूचना क्रांति के दौर में आदिवासियों के लिए एक साधारण मोबाइल भी कितना महत्वपूर्ण है इसका वर्णन किया गया है। 'बेटी' में 21वीं सदी के इस भारत में बेटा- बेटी के फर्क से होने वाले नारियों के उत्पीड़न और उससे निजात पाने की राह की कथा है। 'वंशवेल के आंसू' नामक कथा में नारी के मस्तिष्क पर सदियों से पड़ी उस कुंठा की तस्वीर है जिसमें वह स्वयं यह मान बैठी है कि उसका वंश अपने पति के द्वारा उत्पन्न वीर्य से ही माना जाना चाहिए। जिसकी दुविधाओं के चलते वह अपने पति के दूसरे विवाह का निर्णय लेती है जबकि उसकी ससुराल और पति दोनों ही किसी अनाथालय का बच्चा गोद लेने के हक में हैं। इसी प्रकार 'पीरियड्सः द रेड ब्लड स्टोरी' में माहवारी के समय लड़कियों के साथ होने वाली छुआछूत संबंधी समस्याएं, सेनेटरी नैपकिन की आवश्यकता की समस्या को उठाते हुए आधुनिक युग में आई हुई मशीन की सूचना द्वारा इसका निदान प्रस्तुत किया गया है। 'सुनैना' आधुनिक युग के चमक दमक के प्रति आकर्षित भटकी हुई लड़कियों के दुर्दशा की कहानी है। 'रामगढ़ की बसंती' एक शराबी पति के दुर्व्यवहार से पीड़ित पत्नी के आत्मनिर्भर बनने की कथा है। इसी प्रकार 'इज्जत के आंसू' में शौचालय की समस्या, 'बैग और जैकेट' में रिक्शा वाले की ईमानदारी का कथानक,' पुरस्कार' में माता-पिता द्वारा मोबाइल के अति प्रयोग से डूबते बचपन की मासूम पीड़ा की अभिव्यक्ति है। 'लोरी' इंटरनेट की लत द्वारा होते आत्मीयजनों की भावनाओंकी हत्या की कहानी है, 'वंदे मातरम' में सैनिक और भारत माता की बातचीत के माध्यम से भारत के हृदय में व्याप्त गद्दारों की गतिविधियों की पीड़ा का वर्णन है।' गणतंत्र भारतीय जनतंत्र के लिए गणतंत्र दिवस एक छुट्टी का दिन नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय पर्व है इसका संदेश है। 'मतदान' में सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा के हवाले से अन्य सुविधा न दे पाने की लचर व्यवस्था पर व्यंग्य है।' दो बैल और इंजेक्शन'' में आयुष्मान कार्ड होते हुए भी दवा इलाज के लिए सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में होने वाली धांधली पर मार्मिक व्यंग्य है। 'गंदी बात' में धार्मिक सहिष्णुता और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर नेताओं द्वारा किसी भी महिला के चरित्र पर की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों की कथा कही गई है। किरदार' विवाहोपरांत बदलते रिश्तों की कथा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दियों में ठंडे पानी से नहाने के हैं कई फायदे

## इसका जवाब एक स्टडी से मिलता है



**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)** वर्षों पहले हिंदी सिनेमा के एक विख्यात गाने में लोगों को ठंडे-ठंडे पानी से नहाने की सलाह दी गई। गर्मियों तक तो ठीक लेकिन कड़कड़ाती ठंड में क्या ठंडे पानी को इतनी इज्जत बख्शी जानी चाहिए? सर्दियों में जब तापमान लगातार लुढ़क रहा हो तो क्या ठंडे पानी से ही काम चला लेना चाहिए?

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेडिकल लाइब्रेरी है और कम्प्यूटेशनल हेल्थ इंफॉर्मेटिक्स में शोध में अग्रणी है) में 2022 में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई। जिसके मुताबिक ठंडे पानी से नहाने के फायदे कई हैं। यह समीक्षा मनुष्यों में ठंडे पानी में (अपनी इच्छा से) नहाने के बाद स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर आधारित है। प्रकाशित साहित्य एक बहु डेटाबेस सर्वेक्षण पर आधारित है। कड़ी फिल्टरिंग प्रक्रिया के बाद 104 अध्ययनों को प्रासंगिक माना गया। इन अध्ययनों ने जाहिर किया कि ठंडे पानी से नहाने के फायदे कम नहीं हैं। विशेषज्ञों की भी यही राय है। कहते हैं- सर्दी के मौसम में ठंडे पानी से नहाने से ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है। इससे शरीर में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और ब्लड की पहुंच सुनिश्चित हो पाती है। सर्दियों में ठंडे पानी से नहाने से ब्लड सेल्स में सिकुड़न होती और फिर इसके बाद यह फैलती है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ब्लड पहुंच पाता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है ठंडा पानी। इम्युनिटी बीमारियों से लड़ने में मदद करती है। ठंडा पानी त्वचा के छिद्रों को बंद रखता है। इससे त्वचा टाइट और चमकदार होती है। साथ ही यह बालों के लिए फायदेमंद साबित होता है। बाल मुलायम और चमकदार रहते हैं।

आजकल की तनाव भरी जिंदगी से मुक्ति का द्वार भी खोलता है ठंडा पानी क्योंकि ये शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन के स्तर को बढ़ाता है, जो व्यक्ति के मूड को बिगड़ने से रोकता है।

ठंडा पानी आपकी मांसपेशियों की सूजन को भी कम कर सकता है। तो फायदे अनगिनत हैं लेकिन विशेषज्ञ कुछ हिदायत भी देते हैं। सलाह कि वो लोग बचें जिन्हें दिल की बीमारी हो, हाई ब्लड प्रेशर या फिर डायबिटीज हो। यानि ठंडे पानी में गोता लगाने से पहले चिकित्सक से जरूर मिलें।

# सुशासन का प्रतीक बन रही हैं भाजपा की डबल इंजन की सरकारें : पीएम


**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**



पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में मंगलवार को आयोजित 'एक वर्ष : परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। ये प्रोजेक्ट राजस्थान को देश के सबसे कनेक्टेड राज्यों में से एक बनाएंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा। रोजगार के अनगिनत अवसर बनेंगे। राजस्थान के टूरिज्म को, यहां के किसानों को, नौजवान साथियों को इससे बहुत फायदा होगा। मोदी ने कहा कि भाजपा जो भी संकल्प लेती है, उसको पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास करती है। आज देश के लोग कह रहे हैं कि भाजपा सुशासन की गारंटी है। तभी तो एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना भारी जनसमर्थन मिल रहा है। देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।

# मोदी सरकार के लिए संविधान राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● कहा, युवा पीढ़ी के लिए अच्छी है यह चर्चा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वंचितों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण की मूल प्रेरणा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, देश की प्रगति के बारे में सार्थक चर्चा हुई। हमें बहुत लंबी लड़ाई के बाद आजादी मिली। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। देश कितना आगे बढ़ा, यह चर्चा जनता को इस बात का अहसास कराएगी। इस चर्चा में हम गहराई तक गए और हमारा लोकतंत्र पाताल की गहराई तक है। अमित शाह ने कहा कि संसद के दोनों सदनों में हुई बहस देश के युवाओं के लिए शिक्षाप्रद होगी। इससे देश के लोगों को यह समझने में भी मदद मिलेगी कि किस पार्टी ने संविधान का सम्मान किया है और किसने नहीं। मैं सरदार पटेल को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उनके संघर्षों के कारण ही भारत दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है।

उन्होंने कहा, ये भी साफ हुआ कि जनता ने जब किसी पार्टी को जनादेश दिया, तो उसने सम्मान किया या नहीं किया। संविधान पर चर्चा युवा पीढ़ी के लिए अच्छा है। इस देश की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर करने का काम किया है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत की आजादी पर दुनिया मानने को तैयार नहीं थी कि यह देश संगठित रह पाएगा या संवैधानिक मूल्य स्थापित कर सकेगा, लेकिन आज आजादी के 75 साल बाद, जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यह सरदार वल्लभभाई पटेल के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि हमारा देश मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि हम आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो पाएंगे, उनको भी जनता और हमारे संविधान ने खूबसूरती से जवाब दिया है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर सम्मान के साथ खड़े हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।


## समाहरणालय, लातेहार (भू–अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1)

संख्या– /भू0 अ0दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** हेतु ग्राम–राजबार चादर–I में भूमि का रकबा–**297.62** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–**राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** मौजा–राजबार अंचल–बालुमाथ जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–राजबार चादर–I थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण I | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 171 | राजबार चादर –I | 29 | 911 | टांड़ दो | 0.14 | 0.14 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रास्ता दक्षिण–विफई उरांव |
| 172 | राजबार चादर –I | 29 | 912 | टांड़ दो | 0.19 | 0.19 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रास्ता दक्षिण–विफई उरांव |
| 173 | राजबार चादर –I | 29 | 913 | टांड़ दो | 0.19 | 0.19 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रास्ता दक्षिण–जीतू उरांव |
| 174 | राजबार चादर –I | 29 | 914 | टांड़ दो | 0.06 | 0.06 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–जीतू उरांव दक्षिण–गेन्दरा उरांव |
| 175 | राजबार चादर –I | 29 | 915 | टांड़ दो | 0.08 | 0.08 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–जागो उरांव दक्षिण–गेन्दरा उरांव |
| 176 | राजबार चादर –I | 29 | 916 | टांड़ दो | 0.04 | 0.04 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–विफई उरांव दक्षिण–गेन्दरा उरांव |
| 177 | राजबार चादर –I | 29 | 943 | धान दो | 0.12 | 0.12 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 178 | राजबार चादर –I | 29 | 955 | टांड़ दो | 0.14 | 0.14 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रामजीत उरांव दक्षिण–नदी |
| 179 | राजबार चादर –I | 29 | 956 | टांड़ दो | 0.17 | 0.17 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रामजीत दक्षिण–करमा |
| 180 | राजबार चादर –I | 29 | 957 | टांड़ दो | 0.17 | 0.17 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रामजीत दक्षिण–करमा उरांव |
| 181 | राजबार चादर –I | 29 | 958 | टांड़ दो | 0.12 | 0.12 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–सोमर उरांव दक्षिण–नदी |
| 182 | राजबार चादर –I | 29 | 964 | टांड़ दो | 0.43 | 0.43 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर–रामजीत उरांव दक्षिण–बिरवल उरांव |

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR 342191 (Land Reforms) 24-25 (D)



स्मृति मंधाना

- वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की **लौरा वोल्वाड्र्ट** और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की **बेथ मूनी** शीर्ष पर हैं।
- वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर **टैमी ब्यूमोंट** दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# आईसीसी वनडे व टी20 रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर (हि.स.)।** भारत की स्टाइलिश ओपनर आईसीसी महिला वनडे और टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंच गई हैं। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर टैमी ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# झारखंड ने अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट से हराया

**रायपुर।** शिखर मोहन के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत झारखंड ने यहां खेले गए बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ए ट्रॉफी के तहत खेले गए एक मैच में अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया।
अरुणाचल प्रदेश में पहले खेलते हुए 47 ओवर में मात्र 110 रन बनाए । विप्रो ने 34 एवं मुगुग ने 35 रन बनाए। झारखंड की ओर से अभिषेक ने 22 रन के तीन एवं शिखर मोहन ने 21 रन देकर तीन विकेट लिया। शमशाद को दो विकेट मिला। जवाब में झारखंड में बिना कोई विकेट खोए 8.2 ओवर में आवश्यक रन बना लिए। शिखर मोहन ने चार चौकों की मदद से नाबाद 61 एवं आर्यन होडा ने चार छक्के एवं पांच चौकों की मदद से नाबाद 51 बनाए।

## बुमराह, आकाशदीप ने टाला फॉलोआन का खतरा

# भारत ने नौ विकेट पर बनाए 252 रन

**ब्रिसबेन, 17 दिसंबर (हि.स.)।** गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह के बीच आखिरी विकेट के लिए हुए 39 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत फॉलोआन का खतरा टाल दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। आकाशदीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत पहली पारी के आधार पर अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। इसके बाद पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। 44 के कुल स्कोर पर पंत (09) को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 74 के कुल स्कोर पर केवल 10 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकर बने।

भारत के लिए **केएल राहुल (84)** और **रवींद्र जडेजा (77)** ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी **पहली पारी में 445 रन** बनाए थे। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही।



शुभमन गिल | विराट कोहली | यशस्वी जायसवाल



जडेजा के आउट होने के बाद भारत को फॉलोआन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी और आकाशदीप और बुमराह की आखिरी जोड़ी मैदान पर थी। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को देखते हुए लग रहा था कि भारत का फॉलोआन खेलना तय है, लेकिन इस आखिरी भारतीय जोड़ी के मन में कुछ और ही चल रहा था, बुमराह ने आते ही पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जता दिये, दूसरे छोर से आकाशदीप ने भी संभलकर खेलना शुरू किया। इन दोनों ने मिलकर न सिर्फ भारत को फॉलोआन से बचाया, बल्कि अपना विकेट भी बचाए रखा। फॉलोआन बचाने के बाद आकाशदीप ने पैट कमिंस की गेंद पर एक लंबा छक्का भी जडा, जिससे ड्रेसिंग रुम में बैठे विराट कोहली खुशी से उछल पड़े। यहां से रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने मिलकर छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। 141 के कुल स्कोर पर केएल राहुल को नाथन लियोन ने पवेलियन भेजा। राहुल ने 139 गेदों पर 8 चौकों की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए 53 रनों की बेहतरीन साझेदारी कर भारत का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, हालांकि पैट कमिंस ने 194 के कुल स्कोर पर नीतीश को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। नीतीश ने 61 गेंदों का सामना किया और 16 रन बनाए। 201 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज (01) को स्टॉर्क ने आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। 213 के कुल स्कोर पर जडेजा 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद पैट कमिंस का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। बुमराह और आकाशदीप ने दसवें विकेट के लिए अब तक 39 रन जोड़ लिये हैं। आकाशदीप 27 और बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं।

### भारत की पहली पारी

| बल्लेबाजी | रन | बॉल | 4रन | 6रन | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 04 | 02 | 01 | 00 | 200.2 |
| के एल राहुल | 84 | 139 | 8 | 00 | 60.75 |
| शुभमन गिल | 01 | 03 | 00 | 00 | 33.21 |
| विराट कोहली | 03 | 16 | 00 | 00 | 18.93 |
| ऋषभ पंत | 09 | 12 | 00 | 00 | 75.00 |
| रवींद्र जाडेजा | 77 | 123 | 07 | 01 | 62.60 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 16 | 61 | 01 | 00 | 26.22 |
| मोहम्मद सिराज | 01 | 11 | 00 | 00 | 09.7 |
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 27 | 00 | 01 | 37.0 |
| आकाश दीप | 27 | 31 | 02 | 01 | 87.02 |

### अगले वर्ष विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत अगले साल 10 अगस्त को पहली बार विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर स्तर के आयोजन की मेजबानी करेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। एएफआई के 2025 सीजन के प्रतिस्पर्धी कैलेंडर के अनुसार, कांस्य स्तर का कॉन्टिनेंटल टूर एथलेटिक्स इवेंट भुवनेश्वर में होगा। इस मीट को 'इंडियन ओपन' नाम दिया गया है। कॉन्टिनेंटल टूर ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं की एक वार्षिक श्रृंखला है, जो कि एलीट-लेवल डायमंड लीग के बाद वैश्विक बैठकों के दूसरे स्तर के अंतर्गत आती है। इसे 2020 में वर्ल्ड चैलेंज सीरीज के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था और इसमें चार स्तर, स्वर्ण, रजत, कांस्य और चैलेंजर शामिल हैं। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा, ₹कॉन्टिनेंटल टूर भारतीय टीम के लिए सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले घरेलू मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने का एक अच्छा अवसर होगा। टोक्यो में 13-21 सितंबर तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 अगले साल की शीर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। पिछली बार भारत ने इस तरह के अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन की मेजबानी 2017 में की थी, जब भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। भारत ने पुणे में बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 2013 एशियाई चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी।

## रक्षा राज्य मंत्री से मिले वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी

# देश में वुशु के विकास पर की गयी गहन चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**
रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों सहित आर्मी के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों और उनके कोच ने मुलाकात की। इस दौरान आर्मी में वुशु के विकास पर गहन चर्चा की गयी। इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों का स्वागत किया और देश के लिए पदक जितने पर खिलाड़ियों को शॉल उढाकार उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सुहेल अहमद, शिवेंद्र नाथ दुबे, उदय साहू सहित सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के जॉइंट सेक्रेटरी ग्रुप कैप्टेन एमएलएस प्रसाद, वुशु खिलाडी सर्जेन्ट कुशल कुमार, हवलदार विक्रांत बालियान, हवलदार रजत चरक, सिपाही एम सूरज सिंह, सर्जेन्ट एच कारणजीत सिंह, आर्मी वुशु कोच नायब सूबेदार अमित पॉल,जूनियर वारंट ऑफिसर संतोष कुमार,लांस हवलदार चिराग शर्मा। ग्रुप कैप्टेन श्री प्रसाद ने सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एक विस्तृत जानकारी मंत्री को दी। मंत्रीका वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने किया स्वागत इस अवसर पर मंत्री को वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया।

## हीरो हॉकी इंडिया लीग

# रांची और राउरकेला में देखिए मुफ्त में मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**
हॉकी की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल करते हुए, हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के लिए रांची और राउरकेला में होने वाले मैचों में भाग लेने वाले प्रशंसकों के लिए सभी टिकट मुफ्त होंगे। यह कदम हॉकी इंडिया के उस विजन का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को देश के हर कोने में ले जाया जाएगा और इसे इसके उत्साही समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। टिकट बिक्री से होने वाली आय को छोड़कर, हॉकी इंडिया का लक्ष्य खेल और इसके उत्साही समर्थकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाइव हॉकी के रोमांच का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।




हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ़्त टिकट देकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना और खिलाड़ियों और समर्थकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं। हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह ने भी कहा कि हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ़्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट पर अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसक हों।



## प्रहलाद जोशी ने सीआईआई के आईईसीई को किया संबोधित, कहा

# भारत बनेगा विश्व की अक्षय ऊर्जा राजधानी

**बोले केंद्रीय ऊर्जा मंत्री**
- नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अप्रैल-नवंबर में दोगुनी हुई
- सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण किया लांच



2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत न केवल ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, बल्कि दुनिया की अक्षय ऊर्जा राजधानी भी बन रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर लगभग दोगुना होकर 15 गीगावाट हो गई है। यह 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।
केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने नई दिल्ली में 5वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (आईईसीई) को संबोधित करते हुए कहा, भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है, उस पर न केवल दुनिया की निगाह है, बल्कि कई देशों ने इसे अपनाया भी है। उन्होंने भारत की पहल के तहत वैश्विक सहयोग के लिए एक औपचारिक व्यवस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिस पर 120 देश हस्ताक्षरकर्ता हैं। इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा संक्रमण निवेश मॉनीटर पर सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण भी लांच किया। ये व्यापक रिपोर्ट भारत के गतिशील ऊर्जा परिदृश्य में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय ऊर्जा परिवर्तन पर वैश्विक संवाद, विकसित हो रहे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

# दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बना

एयरबस ए330 विमान द्वारा संचालित यह मार्ग शुरू में सप्ताह में दो बार चलेगा।

एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को शामिल किया है।



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला भारत का पहला एयरपोर्ट बन गया है। इसी के साथ दिल्ली एयरपोर्ट ने वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। हाल ही में थाई एयरएशिया एक्स ने दिल्ली और बैंकॉक-डॉन मुआंग (डीएमके) के बीच सीधी उड़ानों का उद्घाटन किया। एयरबस ए330 विमान द्वारा संचालित यह मार्ग शुरू में सप्ताह में दो बार चलेगा। जनवरी 2025 के मध्य तक इसकी फ्रीक्वेंसी को हफ्ते में चार बार बढ़ाने की योजना है। इस उपलब्धि पर डीआईएएल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा, 150 गंतव्यों को जोड़ने का यह मील का पत्थर वैश्विक संपर्क बढ़ाने और विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमें भारत को विमानन के एक नए युग में ले जाने पर गर्व है और हम दुनिया भर के यात्रियों के लिए पसंदीदा केंद्र बनने के लिए समर्पित हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने ग्लोबल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए अपने निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। पिछले कुछ वर्षों में, एयरपोर्ट ने 20 से ज्यादा एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को शामिल किया है। इनमें नोम पेन्ह, बाली डेनपसार, कैलगरी, मांट्रियल, वैंकूवर, वाशिंगटन डलेस, शिकागो ओहारे और टोक्यो हनेडा शामिल हैं।

# निजी क्षेत्र की वृद्धि दिसंबर में 4 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंची : रिपोर्ट

### एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स ने दर्ज की 60.7 रीडिंग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के निजी क्षेत्र में दिसंबर माह में मजबूती देखी गई। चार महीनों में ये सर्वोत्तम रहा। एचएसबीसी 'फ्लैश' पीएमआई डाटा के मुताबिक विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में तेजी देखी गई। एसएंडपी ग्लोबल के लेटेस्ट एचएसबीसी 'फ्लैश' पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डाटा इसकी पुष्टि करता है। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के संयुक्त उत्पादन को ट्रैक करने वाले एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स ने वर्ष 2024 कैलेंडर वर्ष के अंत में 60.7 रीडिंग दर्ज की है। नवंबर में 58.6 रीडिंग से बढ़ते हुए, लेटेस्ट रीडिंग ने चार महीनों के लिए सबसे मजबूत विकास दर को उजागर किया है। इसी के साथ माल उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं दोनों के उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। एचएसबीसी में अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, दिसंबर में हेडलाइन विनिर्माण पीएमआई में वृद्धि मुख्य रूप से मौजूदा उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार में वृद्धि के कारण हुई। नए घरेलू ऑर्डर में विस्तार में तेजी आई, जो अर्थव्यवस्था में विकास की गति में तेजी का संकेत है। आउटस्टैंडिंग बिजनेस की मात्रा में तेजी से वृद्धि और 2025 में उत्पादन की उम्मीदों के बीच कुल रोजगार सृजन सर्वे के शिखर पर पहुंच गया।

# शेयर बाजार से जमकर पैसा जुटा रहीं कंपनियां, 2024 में बना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए वर्ष 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने इस साल अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी जुटाई है। इससे पहले वर्ष 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।
रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। वर्ष 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था।
वर्ष 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इससे पहले क्यूआईपी के जरिए सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था।

● धर्म के प्रश्न पर कहा, उपासना पद्धति अलग हो सकती है, पर हम सब भारतीय हैं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक पॉडकास्ट में कहा

# मां से मिले संस्कारों की वजह से शराब का सेवन नहीं करता

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में सभी दलों में प्रिय व सबके काम करने वाले के रूप में प्रसिद्ध केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मांस-शराब का सेवन नहीं करते हैं। एक यू-ट्यूब चैनल के साथ बातचीत में नितिन गडकरी ने बताया कि उनके साथ बैठकर लोग शराब व नॉन-वेज का सेवन करें, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं। नितिन गडकरी ने बताया कि बचपन में मां द्वारा दिए गए संस्कारों की वजह से उन्होंने कभी नॉन-वेज व शराब का सेवन नहीं किया है। पॉडकास्ट में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता रहे बालासाहेब ठाकरे से जुड़ी एक घटना साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वे एक बार रात में बालासाहब से मुलाकात के लिए गए थे, तब वहां नासिक के सोला वाइन वाले चौगुले बैठे हुए थे। नितिन गडकरी ने बताया, उन्होंने कहा तुम लो, तो मैंने कहा बालासाहब मैं नहीं पीता। तो बोले क्यों, तो मैंने कहा कभी पीया नहीं है, मैं नींबू शरबत पीऊंगा। वे चौगुले से बोले- चौगुले, ये चड्डी छाप है नितिन गडकरी। इसके लिए गोबर और गोमूत्र से वाइन बनाओ, तब ये पीएगा। मुस्लिम आबादी से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीयत्व ही हिंदुत्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बताया है कि हिंदुत्व ही वे ऑफ लाइफ है। हमारे देश में जो मस्जिद में जाता है, बुद्ध विहार में जाता है, चर्च में जाता है, गुरुद्वारे में जाता है, मंदिर में जाता है, उनकी उपासना पद्धति अलग है, पर सब भारतीय हैं।

*सर्वोच्च न्यायालय ने भी बताया है कि हिंदुत्व ही वे ऑफ लाइफ है। हमारे देश में जो मस्जिद में जाता है, बुद्ध विहार में जाता है, चर्च में जाता है, गुरुद्वारे में जाता है, मंदिर में जाता है, उनकी उपासना पद्धति अलग है, पर सब भारतीय हैं*



## मुस्लिम आबादी से जुड़े सवाल पर कहा भारतीयत्व ही हिंदुत्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है

नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीयत्व, राष्ट्रीयत्व का संबंध हिंदू संस्कृति, इतिहास और विरासत से है। हिंदू जातिवाचक और सांप्रदायिक शब्द नहीं है। हिंदुत्व जीवन पद्धति है और इसलिए हम ऐसे भारतीय समाज का निर्माण करना चाहते हैं, जो भारतीय संस्कृति में हिंदू संस्कृति के इतिहास, संस्कृति और विरासत के आधार पर खड़ा हो और हर व्यक्ति को उसमें धार्मिक अधिकार है। ये सही में संघ की बात है। गडकरी ने कहा, हम लोग बिना समझे, हिंदुत्व मतलब मुस्लिमों के खिलाफ, अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानते हैं। हम न बहुसंख्यक मानते हैं, न अल्पसंख्यक मानते हैं। हम मानते हैं कि ये पूरा समाज अपना है और जात, पंथ, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर हम किसी को डिस्क्रिमिनेट नहीं करेंगे, किसी को अपमानित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह सालों में हम कई योजनाएं लाए, क्या हमने किसी भी योजना में लिखा क्या कि दलित और मुसलमान अप्लाई न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रसार बढ़ना चाहिए। मुस्लिम समाज को कांग्रेस के राज में क्या मिला? जब शिक्षा का प्रसार होगा, तब व्यक्ति में परिवर्तन होता है।

## कनाडा में उठी पीएम जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग

**टोरंटो (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग फिर से देश में उठने लगी है। उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने सोमवार को अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों पर ट्रूडो से अनबन के चलते इस्तीफा दे दिया।



सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के एक तिहाई सांसदों ने कनाडा में नेतृत्व परिवर्तन की मांग की है, जिससे देश में राजनीतिक संकट और गहरा गया है। सोमवार शाम को कनाडाई मीडिया ने बताया कि ट्रूडो ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह प्रधानमंत्री के पद पर बने रहेंगे या इस्तीफा देंगे। हाउस ऑफ कॉमंस में 153 सदस्यीय कॉकस में से उनके पद से हटने की मांग करने वाले विद्रोही सांसदों की संख्या बढ़कर लगभग 60 हो गई है। लिबरल पार्टी के नेता ट्रूडो अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पियरे पोलिएवर से सर्वे में 20 अंक पीछे हैं, जिन्होंने सितंबर से ट्रूडो सरकार को गिराने और शीघ्र चुनाव कराने के लिए तीन बार प्रयास किया है। फ्रीलैंड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने त्यागपत्र में कहा, हमारा देश आज गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कनाडा से आयातित वस्तुओं पर ट्रंप की 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना की ओर इशारा किया। फ्रीलैंड ने कनाडा के वित्त मंत्री के पद से भी इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से प्रधानमंत्री ट्रूडो के खिलाफ उनके मंत्रिमंडल में पहली बार खुली असहमति पैदा हुई, जिससे सत्ता पर उनकी पकड़ को खतरा पैदा हो गया।

## फ्रांसीसी द्वीप में चक्रवात से हुई तबाही पर मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंद महासागर में फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में चक्रवात चिडो से हुई तबाही पर दुख व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मायोट में चक्रवात चिडो से हुई तबाही से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। फ्रांस के पुनर्निर्माण प्रयासों में विश्वास व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व में फ्रांस इस त्रासदी से मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ उबर जाएगा। भारत फ्रांस के साथ एकजुटता में खड़ा है और हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।

## सीरिया में 8,80,000 से अधिक लोग हुए विस्थापित : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** सीरिया में हिंसक संघर्ष बढ़ने के बाद 8,80,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने यह बात कही। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों ने अनुमान लगाया है कि लगभग 6 प्रतिशत विस्थापित कम से कम एक प्रकार की विकलांगता के साथ जी रहे हैं।मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा, वापसी की गतिविधियां तेज हुई हैं, सहयोगियों ने रविवार को 2,20,000 से अधिक लोगों के लौटने की सूचना दी है। वहीं, इसके अतिरिक्त, 40,000 से अधिक विस्थापित लोग पूर्वोत्तर सीरिया में लगभग 250 सामूहिक केंद्रों में रह रहे हैं। कार्यालय ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और भागीदार भोजन, पानी, नकदी, टेंट और कंबल की सप्लाई कर रहे हैं। वहीं, वैश्विक टीम मेडिकल टीम और आपूर्ति भी तैनात कर रहा है।

मॉस्को के रियाजान्स्की एवेन्यू में हुआ जोरदार विस्फोट

# रूस के परमाणु सेना के प्रमुख इगोर किरिलोव की गई जान

● सहयोगी की भी हो गई मौत रूसी जांच समिति ने इसे हमला माना

● यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इसे अंजाम देने का किया दावा

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार की सुबह शक्तिशाली विस्फोट में रूस के परमाणु सेना प्रमुख इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौत हो गई। यह विस्फोट राजधानी के दक्षिण पूर्वी हिस्से में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। रूसी जांच समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। इधर, यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने इस विस्फोट को अंजाम देने का दावा किया है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह शक्तिशाली विस्फोट मॉस्को में रियाजान्स्की एवेन्यू में एक आवासीय भवन के प्रवेश द्वार पर हुआ। प्रवेश द्वार के पास स्कूटर में रखे गए विस्फोटक उपकरण के फटने से रूस के विकिरण, रासायनिक और जैविक सुरक्षा सैनिकों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव और उनके सहयोगी की मौके पर मौत हो गई। जांच समिति की प्रवक्ता पेट्रेंको ने कहा कि समिति के मॉस्को विभाग ने इसे हमला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमले के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।



एक अन्य रिपोर्ट में यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि उसने इस विस्फोट को अंजाम दिया। इस दावे पर प्रवक्ता पेट्रेंको ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और संचालन से जुड़ी सेवा घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी, 2022 में यूक्रेन में शुरू हुए रूस के सैन्य अभियान के दौरान प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के आरोप में यूक्रेन की एक अदालत ने किरिलोव की गैर मौजूदगी में उन्हें 16 दिसंबर को सजा सुनाई थी।

## नशे में डूबने का मतलब कूल होना नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि नशे में डूबने का मतलब कूल होना नहीं है, और इससे बचना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद ही दुखद है कि इन दिनों नशा करने या उसकी लत का शिकार होने को कूल होने से जोड़ दिया गया है। पीठ ने ये टिप्पणियां अंकुश विपिन कपूर के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच को बरकरार रखते हुए कीं। इस पर समुद्री रास्ते से पाकिस्तान से भारत में हेरोइन तस्करी का रैकेट चलाने का आरोप है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने वॉर्निंग दी कि नशीली दवाओं का गलत इस्तेमाल देश के युवाओं को बर्बाद कर रहा है। इसके गंभीर सामाजिक और आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश के युवाओं की चमक को फीका करने वाली चीज है। पीठ ने कहा कि नशे की लत से युवाओं को बचाने के लिए माता-पिता, समाज और सरकारी एजेंसियों को भी कोशिश करनी होगी। हमें इसके लिए कुछ गाइडलाइंस भी तय की जानी चाहिए।

पीठ ने माता-पिता और समाज से कहा कि नशीले पदार्थ के गलत इस्तेमाल का मुकाबला करने के लिए प्यार बहुत ही जरूरी है। बेंच ने आगे कहा कि युवाओं को उन लोगों के साथ नहीं चलना चाहिए, जो नशीली दवाओं का गलत इस्तेमाल



● भारत के युवाओं में ड्रग्स के बढ़ते चलन पर शीर्ष अदालत ने जताई गहरी चिंता

करते हैं। नशीली दवाओं के गलत इस्तेमाल के शिकार केवल दलित ही नहीं हैं, बल्कि और भी लोग हैं। हमें उन लोगों को खराब नहीं मानना चाहिए जिन्होंने इसका सहारा लिया है, बल्कि ऐसे लोगों में सुधार करना चाहिए और उन्हें रचनात्मक व्यक्ति बनाना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह चिंता की बात है कि पूरे देश में ड्रग्स का रैकेट चल रहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि अगर बच्चे भावनात्मक तौर पर परिवार से जुड़े रहते हैं और उस परिवेश का असर उन पर रहे, तो उनके नशे की लत का शिकार होने की संभावना काफी कम होती है। कोर्ट ने ये टिप्पणियां अंकुश विपिन कपूर नाम के शख्स के खिलाफ एनआईए की जांच में दखल देने से इनकार करते हुए कीं। इतना ही नहीं, उसे जमानत देने से भी इनकार कर दिया।

## भारत-श्रीलंका का नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' शुरू

● दो चरणों में होने वाला यह अभ्यास 20 दिसंबर को समुद्री चरण के साथ खत्म होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में मंगलवार से श्रीलंका और भारत के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' शुरू हुआ। विशाखापट्टनम में 20 दिसंबर तक चलने वाला यह अभ्यास दो चरणों में होगा। इसमें 18 दिसंबर तक बंदरगाह चरण और 19 दिसंबर से समुद्री चरण होगा। यह द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों का महत्वपूर्ण संस्करण है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत किया है। अभ्यास में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का जहाज आईएनएस सुमित्रा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ शामिल हो रहा है। इसी तरह श्रीलंका से एसएलएनएस सयूरा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सुकन्या श्रेणी का ओपीवी 'स्लिनेक्स' के 11वें संस्करण के लिए विशाखापट्टनम पहुंच गया है। अभ्यास के आज हुए उद्घाटन समारोह के साथ बंदरगाह चरण की शुरुआत हो गई है। इस समुद्री अभ्यास का मकसद सुरक्षित, संरक्षित और नियम-आधारित समुद्री वातावरण को बढ़ावा देना है। इस चरण के दौरान प्रतिभागी नौसेनाएं आपसी समझ को मजबूत करने के लिए पेशेवर और सामाजिक आदान-प्रदान में संलग्न होंगी। इसके बाद 19 दिसंबर को शुरू होने वाले समुद्री चरण में विशेष बलों के संचालन, बंदूक फायरिंग, संचार अभ्यास, नाविक अभ्यास, नेविगेशन विकास और हेलीकॉप्टर संचालन सहित संयुक्त अभ्यास शामिल होंगे।

## अमेरिका में स्कूली छात्रा ने शिक्षक समेत दो को मौत के घाट उतार की आत्महत्या

**वाशिंगटन (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कांसिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार की सुबह एक 15 वर्षीया छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। इस गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि हमलावर छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी। उसने यह खूनखराबा क्यों किया, यह अब तक साफ नहीं हो सका है। पुलिस प्रमुख के अनुसार पुलिस जांच अधिकारियों ने दोपहर को नताली के घर की तलाशी ली। उसका परिवार जांच में सहयोग कर रहा है। नताली ने इस हत्याकांड में 9 मिलीमीटर के पिस्तौल का इस्तेमाल किया। घटनास्थल पर एक हैंडगन बरामद किया गया।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी

**पटना ।** तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोधगया मंदिर सोसायटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से लेकर महाबोधि मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

उनके आगमन से पहले ही एयरपोर्ट से लेकर बोधगया सड़क मार्ग को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। इस संबंध में गया के जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने बताया कि मंगलवार की सुबह श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के आगमन को लेकर साढ़े दस बजे तक आम श्रद्धालुओं को महाबोधि मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति के जाने के बाद आम श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह में विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु बोधगया पहुंचते हैं और भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत की तीन दिनों की अधिकारिक यात्रा पर हैं। सितंबर माह में पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा है। बोधगया आने से पहले वे दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं।



ट्रैवल एजेंट के झांसे में आकर पाकिस्तान चली गई थीं

# बाइस सालों के बाद भारत लौटीं हमीदा बानो

● कहा, ट्रैवल एजेंट ने नौकरी के लिए दुबई ले जाने का किया था वादा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो दशक पहले एक ट्रैवल एजेंट के झांसे में आकर पाकिस्तान पहुंचने वाली भारतीय महिला हामिदा बानो 22 साल बाद वापस अपने वतन लौटी हैं। भारत पहुंचने पर व्हीलचेयर पर बैठी हमीदा को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को सौंप दिया गया। जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद भारतीय आव्रजन एवं सीमा शुल्क विभाग ने उन्हें जिला प्रशासन के तहसीलदार अटारी के पास भेज दिया। इसके बाद हमीदा को इलाज के लिए अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल ले जाया गया। हमीदा बानो ने अपनी दर्दनाक यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे एक ट्रैवल एजेंट ने धोखे से पाकिस्तान ले आया।

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत वापस आ पाऊंगी। लेकिन, एक साल पहले ही भारतीय दूतावास ने मुझसे संपर्क किया और मुझे बताया कि मैं वापस आ सकती हूं। इस घटना से पहले मैं मुंबई में रहती थी। महिला ने बताया कि एक ट्रैवल एजेंट ने मुझे नौकरी के लिए दुबई ले जाने का वादा किया था, लेकिन वह मुझे पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद ले आया। मैं डर गई थी। हमीदा ने पाकिस्तान में झेली गई कठिनाइयों का वर्णन करते हुए कहा कि वहां मेरा जीवन 'जिंदा लाश' जैसा था। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने मुझे कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। मैं एक सिंधी व्यक्ति के साथ रहती थी, जिसने मुझसे शादी की थी। लेकिन 12 साल बाद, उनका निधन हो गया। हमीदा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों को वतन लौटने में उनकी सहायता के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। बता दें कि वर्ष 2022 में एक स्थानीय यूट्यूबर वलीउल्लाह मारूफ की वजह से हमीदा की दुर्दशा की ओर सबका ध्यान गया। उन्होंने एक ब्लॉग में उनकी कहानी साझा की, जिससे उन्हें भारत में अपने परिवार से फिर से जुड़ने में मदद मिली। मारूफ की कोशिशों से हामीदा की बेटी यास्मीन उनसे फोन पर बात करने में सक्षम हुई।

2002 में भारत छोड़ने से पहले, हमीदा अपने पति की मृत्यु के बाद अपने चार बच्चों का आर्थिक रूप से भरण-पोषण कर रही थीं। धोखेबाज भर्ती एजेंट का शिकार होने से पहले उन्होंने बिना किसी परेशानी के दोहा, कतर, दुबई और सऊदी अरब में रसोइया के रूप में काम किया था।



## हज यात्रा के लिए 500 खुशनसीब महरम महिला यात्रियों का हुआ चयन

महरम श्रेणी में 739 आवेदन प्राप्त हुए थे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे की 500 महिलाओं का लकी ड्रॉ करके चयन किया है। इसमें सबसे अधिक महाराष्ट्र की महिलाओं को हज पर जाने का मौका मिला है। देश भर से महरम श्रेणी में कुल 739 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका मंगलवार को कंप्यूटराइज्ड तरीके से लकी ड्रॉ कर के चयन किया गया। इसमें महाराष्ट्र से 92, केरल से 63, कर्नाटक से 56, उत्तर प्रदेश से 46, गुजरात से 41, मध्य प्रदेश से 34, तेलंगाना से 31, जम्मू-कश्मीर से 26, राजस्थान से 22, तमिलनाडु से 18, दिल्ली से 16, पश्चिम बंगाल से 15, आंध्र प्रदेश से 10, बिहार से 9, छत्तीसगढ़ से 4, असम, हरियाणा और दादर-नगर हवेली से 3-3, लक्षद्वीप और उत्तराखंड से 2-2 तथा अंडमान-निकोबार और पुदुचेरी से 1-1 महिला यात्रियों का चयन हुआ है। चयनित यात्रियों की सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे में चयनित महिला यात्रियों और वेटिंग लिस्ट में शामिल यात्रियों से अपील की है कि वे 30 दिसंबर 2024 तक हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त की कुल राशि 2,72,300 रुपये जमा कराने की कोशिश करें। पूर्व में चयनित उन सभी यात्रियों को भी 30 दिसंबर तक राशि जमा करने की सुविधा दी गई है, जिन्होंने अभी तक दूसरी किस्त 1,42,000 रुपये जमा नहीं किया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने भुगतान के लिए ई-पेमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। हज यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। हज कमेटी ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) की किसी भी शाखा में निर्धारित फॉर्म के माध्यम से भी हज खर्च की राशि जमा कराने की सुविधा उपलब्ध है।